दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# महालक्ष्मी पर्व

## आज होगा ज्येष्ठा गौरी का आगमन

### घर-घर में स्वागत की तैयारी पूरी | तीन दिनों तक मनाया जाता है पर्व

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई, ठाणे समेत पूरे महाराष्ट्र में 10 सितंबर को ज्येष्ठा गौरी का आगमन होगा। हर्षोल्लास से स्वागत कर तीन दिन के पर्व का शुभारंभ होगा। जानकारी के अनुसार ज्येष्ठा गौरी आह्वान महाराष्ट्र के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है। गणेशोत्सव के दौरान गौरी यानी मां पार्वती का यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्यौहार ज्येष्ठा गौरी के आह्वान के साथ शुरू होता है और गौरी पूजन और गौरी विसर्जन के साथ समाप्त होता है। यह त्यौहार तीन दिनों तक मनाया जाता है। इस साल यह उत्सव 10 सितंबर को शुरू होगा और 12 सितंबर को समाप्त होगा।



### स्वागत की तैयारी पूरी

ज्येष्ठा गौरी पर्व के कुछ दिन पहले ही महिलाओं ने घर की साफ – सफाई की। आलमारी में रखे हुई विभिन्न वस्तुओं को बाहर निकालकर साफ सुथरा किया। ज्येष्ठा गौरी को विभिन्न भोग का लगाने का सभी सामान बाजार मार्केट से लाकर रखा। ज्येष्ठा गौरी का आगमन 10 सितंबर को होगा । गौरी को शिव की शक्ति और गणेश की माता माना जाता है।

### ज्येष्ठ गौरी पूजन महत्व

ज्येष्ठ गौरी माता भगवान गणेश की माता है। ज्येष्ठ गौरी माता को अन्नपूर्णा देवी माना जाता है। इसका अर्थ होता है, सभी चीजों से संपन्न महालक्ष्मी धन और समृद्धि की देवी हैं इसलिए, भक्त समृद्ध जीवन के लिए गौरी महालक्ष्मी की पूजा करते हैं। इस व्रत को रखना शुभ फल दायक माना जाता है ऐसा करने से लाभ मिलते हैं। यह व्रत महाराष्ट्र में विशेष रुप से रखा जाता है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### बावनकुले के बेटे की ऑडी ने कई वाहनों को मारी टक्कर, दो अरेस्ट

**मुंबई/नागपुर।** महाराष्ट्र में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत की ऑडी कार से सोमवार को नागपुर में कई वाहनों में टक्कर लगने की घटना सामने आई है। बताया गया है कि संकेत की कार ने नागपुर के रामदासपेठ इलाके में कई वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना के बाद ड्राइवर समेत दो कार सवारों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मराठवाड़ा में बारिश के कारण 53 लोगों की मौत

**नांदेड़।** मराठवाड़ा में इस वर्ष मानसून की शुरुआत से अब तक बारिश के कारण 53 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की ओर से साझा की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, एक जून से छह सितंबर के बीच पूरे मराठवाड़ा में बारिश के कारण 1,269 मवेशी मारे जा चुके हैं। मराठवाड़ा के कम से कम 284 राजस्व क्षेत्रों में एक सितंबर को भारी बारिश हुई। अन्य सूखाग्रस्त इलाकों में भी भारी बारिश हुई। छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और लातूर जिलों में नौ-नौ मौतें दर्ज की गईं। वहीं, परभणी में आठ, बीड में छह, जालना और हिंगोली में पांच-पांच और धाराशिव में दो लोगों की मौत हुई।

### भारत में मंकीपॉक्स का पहला केस मिला

**नई दिल्ली।** देश में मंकीपॉक्स का पहला मरीज मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार (9 सितंबर) को इसकी पुष्टि की है। मंत्रालय ने बताया कि विदेश से लौटे एक व्यक्ति को 8 सितंबर को मंकीपॉक्स के संदेह में आइसोलेशन में रखा गया था। सैंपल लेकर जांच कराई गई, जिसमें मंकीपॉक्स के स्ट्रेन वेस्ट अफ्रीकन क्लेड 2 की पुष्टि हुई है। लेकिन ये स्ट्रेन WHO की ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी में शामिल स्ट्रेन क्लेड1 नहीं है। 2022 में क्लेड 2 के 30 केस मिले थे। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने मंकीपॉक्स को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एडवाइजरी जारी की।

# शाह का सियासी दौरा

## 15 घंटे मुंबई में रुके अमित शाह, तैयार हो गया सीट बंटवारे का फॉर्मूला

**अमित बृज | मुंबई**

महाराष्ट्र में राजनीतिक सरगर्मियां जोरों पर है। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की हुई बुरी हार के बाद विधानसभा चुनाव की कमान केंद्रीय नेतृत्व ने अपने हाथ में ले ली है। इस क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को 15 घंटे के लिए मुंबई दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने एनडीए के भीतर सीट बंटवारे के फॉर्मूले के बारे में चर्चा की। रिपोर्ट के मुताबिक सीटों के बंटवारे पर एनडीए के भीतर चर्चा शुरू हो गई है। इस बीच अमित शाह ने सुझाव दिया कि भाजपा को ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए। बैठक में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को कितनी सीटें दी जानी चाहिए, इस पर भी चर्चा हुई। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका अहम होगी। भाजपा 170 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुकी है। इनमें से 155 से 160 सीटों पर भाजपा की सीधी उम्मीदवारी होगी। महागठबंधन के सहयोगी दलों को भाजपा के कोटे से उम्मीदवारी दी जाएगी। इससे पता चलता है कि भाजपा ने अपने सहयोगियों के लिए अतिरिक्त सीटें आरक्षित कर ली हैं।

### शिंदे और अजित को कितनी सीटें?

वहीं, सरकार में प्रमुख दल शिवसेना शिंदे गुट को 65 से 75 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि राष्ट्रवादी अजित पवार गुट को बीजेपी 55 से 60 सीटें देने को तैयार है। एकनाथ शिंदे के पास करीब 50 विधायक हैं जिनमें से 40 सेना के और 10 निर्दलीय विधायक हैं जबकि अजित पवार के पास 35 विधायक हैं। बीजेपी एकनाथ शिंदे को विधायकों की संख्या से 25 सीटें ज्यादा देने को तैयार है, जबकि लोकसभा में उनके प्रदर्शन को देखते हुए बीजेपी अजित पवार को 55 से 60 सीटों पर लपेटने की योजना बना रही है।



### मुंबई हवाई अड्डे पर अजित पवार से मिले

महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार से मुंबई हवाई अड्डे पर संक्षिप्त मुलाकात की और कई गणेश पंडाल में दर्शन किये। मुंबई से रवाना होने से पहले शाह ने सोमवार को शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राकांपा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और अन्य अहम नेताओं से मुलाकात की।

### सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ेगी भारतीय जनता पार्टी

**सबसे ज्यादा सीटों पर लड़ेगी भारतीय जनता पार्टी :** यह स्पष्ट है कि भाजपा समग्र महागठबंधन में सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। बीजेपी लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की भरपाई करना चाहती है। इसके अनुसार नियुक्त पार्टी निरीक्षक और प्रभारी मंडलवार निर्वाचन क्षेत्रों की समीक्षा कर रहे हैं।

### कुछ जगहों पर दोस्ताना लड़ाई!

*अजित पवार के महागठबंधन में आने के बाद बदले राजनीतिक समीकरणों के बीच गठबंधन में बगावत बढ़ने की आशंका है। ऐसे में इसके समाधान के तौर पर बगावत रोकने के लिए 15 से 18 सीटों पर दोस्ताना लड़ाई की संभावना है। जो भी निर्वाचित होगा उसका चुनाव के बाद मूल्यांकन किया जाएगा। इतना ही नहीं बीजेपी अपने कोटे से राज ठाकरे की मनसे को कुछ सीटें दे सकती है।*

### कई गणेश पंडाल में दर्शन किए

शाह मुंबई में प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणेश पंडाल जा कर भगवान गणेश के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। मुंबई के लालबाग इलाके में सबसे प्रसिद्ध गणेश पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन के दौरान शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी थे। शाह बाद में बांद्रा वेस्ट गणेश पंडाल भी गए, जो भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार से संबद्ध है। इससे पहले सुबह, शाह यहां मुख्यमंत्री शिंदे और फडणवीस के आधिकारिक आवास पर गए और उनके घरों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं के दर्शन किए।

# बदलापुर में सामूहिक दुष्कर्म

## बर्थडे पर बुलाकर सहेली ने ड्रिंक में मिला दी बेहोशी की दवा, फिर 2 दोस्तों ने किया दुष्कर्म

**धीरज सिंह | मुंबई**

बदलापुर में एक बार फिर से दुष्कर्म का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस बार 22 साल की एक लड़की से रेप की घटना हुई है। बदलापुर में रहने वाली पीड़िता का परिचय कुछ दिन पहले शिरगांव में रहने वाली भूमिका मेश्राम से हुआ था। 4 दिन पहले भूमिका ने पीड़िता और उसके दो दोस्तों को अपनी जन्मदिन पार्टी पर घर बुलाया था। पूरी रात पार्टी करने के बाद भूमिका ने पीड़िता की ड्रिंक में बेहोशी की दवा मिला दी थी। इसके बाद लड़की बेहोश हो गई। बेहोश लड़की के साथ उसके साथ आए दोनों दोस्तों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। दूसरे दिन सुबह जब लड़की घर नहीं लौटी, तो उसके माता-पिता ने भूमिका से संपर्क किया।

### बेहोशी का असर कम होने पर दुष्कर्म का पता चला



भूमिका ने कहा कि आपकी बेटी शराब पीकर यहां गिर गयी है। बाद में माता-पिता के साथ पीड़िता घर लौटी। बेहोशी का असर कम होने के बाद उसे अहसास हुआ कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है। तब उसने अपने माता-पिता को इस बारे में बताया। माता-पिता ने तुरंत अपनी बेटी को लेकर पुलिस थाने पहुंचे और पीड़िता ने पूरी जानकारी पुलिस को दी। उसके बाद में जब पुलिस ने युवती की मेडिकल जांच कराई तो पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। फिर पुलिस ने सतारा से आए शिवम राजे (22) और संतोष रूपवते (40) और बेहोशी की दवा देने वाली भूमिका मेश्राम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### तीनों आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

बदलापुर पूर्व पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक किरण बालवडकर ने बताया कि बदलापुर पूर्वी थाना क्षेत्र में 4 और 5 सितंबर के बीच एक जन्मदिन की पार्टी में गई युवती और उसके दो दोस्त मौजूद थे। केक काटने के बाद शराब पीकर युवती के साथ रेप किया गया। लड़की यह नहीं बता सकी कि यह किसने किया, क्योंकि वह बेहोश थी। यह तो उसे बेहोशी की दवा दी गई थी या फिर कुछ नशीला पदार्थ खिला दिया गया था। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# एमवीए में सीएम फेस पर घमासान

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले सीएम फेस की मांग पर अड़े उद्धव ठाकरे

- सीएम कोई शरद पवार की राकां से बने: जयंत पाटिल

**नितिन तोरस्कर | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में राज्य की सभी पार्टियां तैयारियों में जुटी हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही आचार संहिता और चुनावी कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। इसी दौरान सीएम पद के चेहरे को लेकर विपक्षी दलों में घमासान देखने को मिल रहा है। कांग्रेस और शरद पवार द्वारा उद्धव को सीएम पद का चेहरा घोषित किए जाने से इनकार के बाद अब उद्धव की शिवसेना, कांग्रेस और शरद पवार से अपने सीएम पद के उम्मीदवार का नाम घोषित करने की मांग कर रही है। उद्धव की पार्टी का कहना है कि भले ही मविआ में सीएम पद का चेहरा कांग्रेस या शरद पवार गुट से हो, हम उसे समर्थन देने को तैयार हैं। बस कांग्रेस और शरद पवार अपने सीएम पद के चेहरे का नाम घोषित करें।



### फडणवीस ने भड़काया

गौरतलब हो कि कुछ दिनों पहले शरद पवार और कांग्रेस ने उद्धव को सीएम पद का चेहरा घोषित करने से इनकार कर दिया था। दोनों ने उद्धव से साफ शब्दों में कह दिया था कि जिसका ज्यादा विधायक होगा, उसका सीएम बनेगा। कांग्रेस और बड़े पवार की दो टूक के बाद उद्धव की पार्टी बैक फुट पर आ गई थी लेकिन हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह कहकर उद्धव गुट को भड़का दिया कि मविआ में उद्धव सीएम पद की रेस में कहीं हैं ही नहीं।

### ज्यादा विधायकों वाला फार्मूला खतरनाक

उद्धव की पार्टी का कहना है कि सीएम पद के चेहरे के बगैर चुनाव लड़ना आसान नहीं है। ज्यादा विधायक वाले फार्मूले के आधार पर गठबंधन में चुनाव लड़ने में उससे भी ज्यादा जोखिम है। अपनी सीटें बढ़ाने के चक्कर में सियासी पार्टी के लोग सहयोगी दलों के उम्मीदवारों को गिराने का प्रयास ज्यादा करते हैं। ऐसा बीजेपी के साथ महायुति के दौरान हम तीन चुनाव में भुगत चुके हैं।

**जयंत पाटिल के बयान से बढ़ी होड़ :** कुछ दिन पहले राकां नेता शरद पवार ने कहा था कि हमारी पार्टी के किसी नेता की सीएम पद में कोई दिलचस्पी नहीं है। बाद में पवार की सांसद पुत्री सुप्रिया सुले ने भी शरद पवार के बयान का समर्थन किया था। तब यह माना जा रहा था कि मविआ में सीएम पद के लिए कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) के बीच ही होड़ देखने को मिलेगी।

**फैसले** | जीएसटी काउंसिल की 54वीं बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले

# कैंसर की दवा और नमकीन पर टैक्स घटा

- गाड़ियों की सीट पर 10% टैक्स बढ़ाया
- हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर नवंबर में फैसला

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

GST काउंसिल की 54वीं मीटिंग 9 सितंबर को हुई। इसमें हेल्थ, एजुकेशन और फूडिंग सेक्टर से जुड़े कुछ अहम फैसले हुए। मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि कैंसर की दवाओं पर GST 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। वहीं, नमकीन पर अब 18% की जगह 12% GST लगेगा। वित्त मंत्री ने बताया कि, 'हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर लगने वाले GST में कटौती पर अब नवंबर में फैसला होगा। इसके अलावा अब केंद्र और राज्य से मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटीज और रिसर्च सेंटर को ग्रांट लेने पर GST नहीं चुकाना होगा।

### हेल्थ इंश्योरेंस पर GoM का गठन

हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18% GST में कटौती को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि इस मामले में ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (GoM) का गठन किया गया है। GoM अक्टूबर के अंत तक रिपोर्ट सौंपेगा और नवंबर की मीटिंग में इस पर विचार किया जाएगा। हाल ही में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी हेल्थ इंश्योरेंस में प्रीमियम पर लगने वाले GST को हटाने की बात कही थी।



### यूनिवर्सिटीज और रिसर्च इंस्टीट्यूशंस को ग्रांट पर GST छूट

तीन तरह के एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस को अब ग्रांट लेने पर GST नहीं चुकाना होगा। सीतारमण ने कहा कि अब केंद्रीय कानून और राज्य कानून के तहत बनी यूनिवर्सिटीज और रिसर्च सेंटर्स को ग्रांट लेने पर GST नहीं चुकाना होगा। इसके अलावा ऐसे एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस जिन्हें इनकम टैक्स छूट मिली हुई है, उन्हें भी पब्लिक और प्राइवेट सोर्सेज से रिसर्च फंड्स लेने पर GST नहीं चुकाना होगा। GST काउंसिल की 53वीं मीटिंग 22 जून को हुई थी। तब दूध के डिब्बों और सोलर कुकर पर 12% टैक्स लगाने का फैसला किया गया था। वित्त मंत्री निर्मला ने कहा था कि फर्जी बिलों पर रोक लगाने के लिए फेज्डवाइज यानी चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में बायोमेट्रिक ऑथेंटिफिकेशन लागू किया जाएगा। वहीं, भारतीय रेलवे की प्लेटफॉर्म टिकट, रिटायरिंग रूम और वेटिंग रूम जैसी सर्विसेज को GST से छूट दी गई।

### GST काउंसिल की बैठक के बड़े फैसले

- कैंसर की दवा पर 12% की जगह अब 5% GST लगेगा।
- नमकीन पर GST 18% से घटाकर 12% किया गया।
- कंपनसेशन सेस 2026 तक वसूलने पर सहमति बनी।
- कार और मोटरसाइकिल सीट पर GST 18% से बढ़ाकर 28% किया गया।
- लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18% GST में कटौती पर GoM बनाया गया।
- GST काउंसिल ने यूनिवर्सिटीज को रिसर्च ग्रांट पर GST से छूट देने का फैसला किया।
- अनरजिस्टर्ड व्यक्ति द्वारा रजिस्टर्ड व्यक्ति को प्रॉपर्टी किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म (RCM) के तहत लाया गया।

# 'लाल परी' का सफर जानलेवा

## 6 साल के भीतर एसटी बस हादसों में करीब 2000 लोगों ने गंवाई जान

### एसटी हादसों के आंकड़े

| साल | 2018-19 | 19-20 | 20-21 | 21-22 | 22-23 | 23-24 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एक्सीडेंट | 3310 | 3337 | 1444 | 1281 | 3014 | 3381 | 15,767 |
| मृत्यु | 441 | 474 | 166 | 151 | 343 | 421 | 1996 |



**दीपक पवार | मुंबई**



लाल परी के नाम से जानी जाने वाली महाराष्ट्र महामंडल की 'एसटी बसों' पर लोगों का भरोसा है। बस की पहुंच महाराष्ट्र के शहरों से लेकर गांवों तक हैं। त्योहारों पर तो लोगों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त बसें भी चलाई जाती है। साथ ही महाराष्ट्र सरकार ने महिलाओं के लिए बसों की टिकट आधी कर दी है। हालांकि कुछ बसें, दुर्घटनाओं की शिकार भी हो जाती है। मिली जानकारी के अनुसार 2018 से लेकर 2024 तक यानी 6 सालों में 15,767 एसटी बस दुर्घटनाएं हुई, जिसमें 1,996 यात्रियों ने अपनी जान गंवाई है। इस वजह से कई बार लोगों को इस बस में यात्रा करने से डर लगने लगा है।

### एसटी के कर्मचारियों ने भी जान गंवाई

इन हादसों में सिर्फ यात्रियों ने नहीं बल्कि एसटी के कर्मचारियों ने भी अपनी जान गंवाई है। मिली जानकारी के अनुसार इन 6 सालों में 46 एसटी कर्मचारियों ने भी अपनी जान गंवाई है।

### चालकों को दी जा रही ट्रेनिंग

एसटी अधिकारी ने कहा कि हम कोशिश कर रहे है कि बस के एक्सीडेंट के नंबरों में कमी आएं। चालकों की ट्रेनिंग पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में यह हादसे कम होंगे।


दो बजे दोपहर
मुंबई आसपास

# उल्हासनगर में बिस्किट कंपनी में भीषण आग

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर कैंप-4 बाबा प्राइम के पास दलशन फूड कंपनी में सोमवार सुबह करीब 9 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण एक कंपनी में अचानक भीषण आग लगने की घटना सामने आयी है। इस कंपनी में बिस्किट उत्पादन का काम किया जा रहा था कि तभी अचानक आग लग गई, जिससे परिसर में हड़कंप मच गया। आग से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है, लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई है।

## बड़ी आर्थिक हानि, कोई जनहानि नहीं



### आग पर काबू

घटना की जानकारी मिलते ही शिवसेना जिला प्रमुख धनंजय बोडारे मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को सूचना के बाद अग्निशमन दल तुरंत मौके पर पहुंच आग पर काबू किया। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। सौभाग्य से कंपनी के सभी कर्मचारियों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया और कोई जानमाल का नुकसान होने से बच गया। हालांकि, आग में कंपनी की मशीनरी और तैयार बिस्कुट का बड़ा स्टॉक जलकर खाक हो गया है। आग लगने की घटना के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है और आगे की जांच की जा रही है।

# जयंत पाटिल का शिंदे सरकार पर हमला

दोपहर संवाददाता | पुणे

पुणे यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (पीयूडब्ल्यूजे) द्वारा आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद पवार) की राज्य इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने एकनाथ शिंदे सरकार पर निशाना साधते हुए महाराष्ट्र को कर्ज में डूबना और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ''राज्य के बुनियादी मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। राज्य के लिए अगले 50 वर्षों का दृष्टिकोण होना चाहिए। लोग दूरदर्शी सरकार चाहते हैं। इसलिए लोगों को इस सरकार को हटाने की दिशा में काम करना चाहिए, जो सत्ता बरकरार रखने के अस्थायी मिशन पर है।"

# भिवंडी में डेढ दिवसीय गणपति मूर्तियों का विसर्जन

दोपहर संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी में 4258 डेढ़ दिवसीय गणेश मूर्तियों का भिवंडी मनपा क्षेत्र के विभिन्न विसर्जन घाटों पर विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मनपा प्रशासन ने पर्यावरण के अनुकूल गणेश मूर्तियों को विसर्जन करने के उद्देश्य से पाँच कृत्रिम तालाब का निर्माण किया था। इसमें गणेश भक्तों ने केवल 47 प्रतिमाओं के विसर्जन में रुचि दिखाई है। इस तरह पूरे धूमधाम उल्लास और गाजे बाजे के साथ लोग दुखी मन से अपनी डेढ़ दिन की गणेश मूर्तियों का शांतिपूर्वक श्रद्धा के साथ विसर्जन किया।



- 4258 डेढ़ दिवसीय गणेश मूर्तियों का विसर्जन
- 47 मूर्तियों का कृत्रिम तालाब में हुआ विसर्जन

## तीन घाटों पर 2816 गणेश मूर्तियों का विसर्जन

रविवार को शाम 4 बजे से महानगर पालिका ने शहर के वराला देवी तालाब के तीन घाटों, कामवारी नदी, भादवड, चविंद्रा, पोगांव, नारपोली के तालाबों के घाटों पर विसर्जन के लिए जीवन रक्षक दल, स्वास्थ्य दल, स्वच्छता दल को तैनात किया था। पुलिस विभाग ने सभी स्थानों पर समुचित पुलिस बंदोबस्त तैनात किया था। इन सभी जगहों पर गणेश विसर्जन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। कामवारी नदी पर लोकमान्य तिलक घाट पर 302, गणेश घाट शेलार पर 415 और वराला देवी तालाब क्षेत्र में तीन घाटों पर 2816 गणेश मूर्तियों का बड़ी संख्या में कुशलता पूर्वक विसर्जन पूरा हुआ। भिवंडी मनपा प्रशासन ने गणेश भक्तों से गणेशोत्सव को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने के लिए अपनी मूर्तियों को कृत्रिम तालाबों में विसर्जित करने का अनुरोध किया था। इसके लिए पांच स्थानों पर व्यवस्था की गई थी।

# नागपुर के 'मिहान' पीड़ितों की समस्याएं जल्द हल करें: सीएम शिंदे

एजेंसी | मुंबई

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने निर्देश दिया कि नागपुर में महत्वाकांक्षी मिहान परियोजना के पीड़ितों की समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकता है और मिहान प्रशासन को तत्काल कदम उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में सह्याद्रि गेस्ट हाउस में नागपुर में मिहान परियोजना को लेकर बैठक हुई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़, विधायक चंद्रशेखर बावनकुले, आशीष जयसवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे, सामान्य प्रशासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय सेठी, आवास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव वल्सा नायर सिंह, उप मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीकर परदेशी और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस बैठक में उपस्थित थे।




## 'किफायती बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए'

मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मिहान परियोजना के तहत विकसित भूखंडों पर लगने वाले विकास शुल्क को लोगों के लिए किफायती बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने मिहान परियोजना के लिए आवश्यक धनराशि की उपलब्धता हेतु पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति का प्रस्ताव कैबिनेट बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मिहान क्षेत्र के ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्मित व्यावसायिक परिसरों को उन ग्राम पंचायतों को सौंप दिया जाना चाहिए, इससे संबंधित ग्राम पंचायतों को आय का स्रोत उपलब्ध होगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्वास अवधि के दौरान मिहान क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को भेजे जाने वाले पेयजल बिल को संबंधित एजेंसियों द्वारा कम किया जाना चाहिए।

## तुरंत हो भूखंडों का आवंटन


राज्य के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मिहान क्षेत्र के म्हाडा कॉलोनी के निवासियों को उस क्षेत्र के बाहर जगह दी जानी चाहिए और उन्हें स्थानांतरित किया जाना चाहिए। साथ ही मिहान परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए विकसित भूखंडों का आवंटन यथाशीघ्र किया जाए। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुझाव दिया कि मिहान क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को इन ग्राम पंचायतों के लिए आय का स्रोत प्राप्त करने के लिए एमआईडीसी द्वारा उपयोग किए जाने वाले फार्मूले का उपयोग करना चाहिए क्योंकि उन्हें कर एकत्र करने का कोई अधिकार नहीं है।

# अजीत पवार हमारे 'कप्तान' हैं, लड़ेंगे अपनी मौजूदा विधानसभा सीट बारामती से चुनाव: भुजबल

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल ने सोमवार को एनसीपी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार को पार्टी का 'कप्तान' बताया और इस बात पर जोर दिया कि वे पुणे जिले में अपने गृह क्षेत्र बारामती से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। भुजबल का यह बयान अजीत पवार द्वारा बारामती को नया विधायक बनाने का सुझाव दिए जाने के एक दिन बाद आया है, ताकि क्षेत्र के मतदाता उनकी अहमियत को समझ सकें। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बारामती से मौजूदा विधायक हैं, जो इसी नाम की लोकसभा सीट का हिस्सा है, जिसका प्रतिनिधित्व उनकी चचेरी बहन सुप्रिया सुले करती हैं, जो वरिष्ठ राजनेता शरद पवार के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी एनसीपी गुट की सदस्य हैं।

## अजीत पवार ने बारामती सीट छोड़ने का दिया था संकेत



रविवार को बारामती में एक सभा में बोलते हुए, अजीत पवार ने टिप्पणी की कि निर्वाचन क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य करने के बावजूद, मतदाताओं ने हाल के लोकसभा चुनावों के दौरान उनका समर्थन नहीं किया, जहां उनकी पत्नी सुनेत्रा को सुले के खिलाफ खड़ा किया गया था, जिन्होंने लगातार चौथी बार जीत हासिल की। सुनेत्रा पवार शरद पवार की बेटी सुले से 1.50 लाख से ज़्यादा वोटों से चुनाव हार गईं। अजीत पवार ने कहा कि एक बार नया प्रतिनिधि आ जाए तो बारामती विधानसभा क्षेत्र के लोगों को उनकी अहमियत का एहसास हो जाएगा। एनसीपी अध्यक्ष के बारामती से फिर से चुनाव न लड़ने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उनके पार्टी सहयोगी और मंत्री भुजबल ने कहा, ₹अजीत पवार हमारे कप्तान हैं। वह इस तरह हथियार नहीं डाल सकते। वह बारामती विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे और भारी अंतर से जीतेंगे।₹ महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नवंबर में होने की संभावना है। एनसीपी सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा है, जिसमें शिवसेना और बीजेपी भी शामिल हैं।

# गणेश उत्सव के लिए नवी मुंबई में चार हजार पुलिसकर्मी तैनात

दोपहर संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई में 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए करीब 4,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने बताया कि रिजर्व बल, राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ), दंगा नियंत्रण पुलिस, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) और 'स्ट्राइकिंग फोर्स' के जवान गणेश उत्सव के दौरान कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए हर समय निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए प्रमुख सड़कों और चौराहों पर गश्त की जाएगी।

## पुलिस ने गणेश मंडलों के साथ बैठकें कर सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी




भारम्बे ने कहा कि पुलिस ने गणेश मंडलों के साथ बैठकें कर सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी। पंडालों तथा विशेषकर अधिक भीड़ वाले स्थानों पर भीड़ प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ समेत महिला के साथ अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए पुरुषों और महिलाओं की अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई हैं तथा कई पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंडालों में बिजली के मीटर और अग्निशमन यंत्रों की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपाय किए गए हैं तथा आपातकालीन नंबर 112 चौबीसों घंटे चालू रहेगा। उन्होंने आगामी ईद-उल-मिलादुन नबी समारोह से जुड़ी तैयारियों को भी रेखांकित किया।

# छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में ऑटोरिक्शा चालक गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | कल्याण

ठाणे जिले के कल्याण में सोमवार को एक छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में ऑटोरिक्शा चालक को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कोलशेवडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि छात्रा जब आरोपी के वाहन से घर लौट रही थी तो वह अनुचित व्यवहार करने लगा। इसे देखकर छात्रा ने उससे ऑटोरिक्शा रोकने को कहा, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'उसे डर के मारे ऑटोरिक्शा से कूदना पड़ा। आरोपी गोपाल मुदलियार ने उसका पीछा किया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। उसकी मां की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। मुदलियार को छेड़छाड़ और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया।'



# मोटरसाइकिल के सड़क पर डिवाइडर से टकराने से दो लोगों की मौत

## दो अन्य घायल

दोपहर संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के सड़क पर डिवाइडर से टकरा जाने के कारण दो व्यक्तियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शनिवार रात मुंब्रा-पनवेल रोड पर उस समय हुई जब पीड़ित कल्याण फाटा की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन तेज गति से आ रहा था और अचानक सड़क पर डिवाइडर से टकरा गया,



जिससे मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि पीछे बैठे दो अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(2) (तेज गति से वाहन चलाने के कारण मौत होना) और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# एलएसडी और गांजा के साथ दो लोग गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एलएसडी (लाइसर्जिक एसिड डाइएथाइलामाइड) और गांजा रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से बरामद मादक पदार्थ की कीमत 13.43 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वर्तक नगर पुलिस थाने की एक टीम ने शनिवार को एक मॉल के पास से आरोपी स्वरूप जितेंद्र सावंत (23) और संकेत संदीप लाड (26) को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि दोनों के पास से कथित तौर पर 58 एलएसडी 'डॉट्स' और 9.551 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 13.43 लाख रुपये है।



## त्रिवेदी को पकड़ने के प्रयास जारी

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने ठाणे निवासी साहिल ऑगस्टीन एवं नवी मुंबई निवासी देवेश त्रिवेदी से मादक पदार्थ खरीदा था और वे इसे बेचने की योजना बना रहे थे। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है और ऑगस्टीन तथा त्रिवेदी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। एलएसडी एक तरह का मादक पदार्थ है, जो रंगीन टेबलेट, पारदर्शी तरल और सोख्ता कागज (ब्लॉटर पेपर) के रूप में मिलती है।

# नगर निगम आयुक्त भूषण गगरानी अधिक से अधिक फेरीवालों को अधिकृत करने का करेंगे प्रयास

## सीटू संबद्ध जनवादी हॉकर्स सभा के प्रतिनिधिमंडल को दिया यह आश्वासन

दीपक पवार | मुंबई।

मुंबई और एमएमआर क्षेत्र में फेरीवालों के खिलाफ नगर पालिका लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है, फेरीवालों और नगर पालिका के बीच संघर्ष चल रहा है, हालांकि, मुंबई नगर निगम फेरीवालों को विनियमित करने के लिए काम कर रहा है और प्रयास करेगा जनवादी हॉकर्स सभा के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े नगर निगम आयुक्त भूषण गगरानी ने अधिक फेरीवालों को अधिकृत करने का आश्वासन दिया। सोमवार को जनवादी हॉकर्स सभा का एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम आयुक्त भूषण गगरानी से मिला और पांच घंटे तक चर्चा की. इस समय संस्था के अध्यक्ष के. इस अवसर पर नारायणन, उपाध्यक्ष कैलास भगत, संयुक्त सचिव राजेश आर्य, सदस्य संगीता कांबले और मार्गदर्शक शैलेन्द्र कांबले ने चर्चा में भाग लिया।




# डेढ़ दिन में 17,113 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे मनपा क्षेत्र में डेढ़ दिवसीय गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। इस वर्ष नगर निगम क्षेत्र में डेढ़ दिन तक 17हजार113 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इसी प्रकार नगर निगम के गणेश मूर्ति स्वीकृत केन्द्र में प्राप्त कुल 245 गणेश प्रतिमाओं एवं चल विसर्जन प्रणाली में 27 गणेश प्रतिमाओं का विधिवत विसर्जन किया गया। आयुक्त राव ने कहा कि उन्होंने स्वयं सोमवार को कोपरी विसर्जन घाट, रेलादेवी, उपवन, नीलकंठ में कृत्रिम झील, कोलशेत विसर्जन घाट का दौरा किया और सिंचाई प्रणाली का निरीक्षण किया। डेढ़ दिवसीय विसर्जन के दौरान प्राप्त अनुभव के अनुसार कमिश्नर राव ने निर्देश दिये कि विसर्जन व्यवस्था में आवश्यक सुधार किये जायें तथा सभी स्थानों पर साफ-सफाई रखी जाये।

## पिछले 13 वर्षों से गणेशोत्सव के दौरान निर्माल्य का प्रबंधन कर रहे हैं ठाणे नगर निगम और समर्थ भारत व्यासपीठ



ठाणे नगर निगम और समर्थ भारत व्यासपीठ पिछले 13 वर्षों से गणेशोत्सव के दौरान निर्माल्य का प्रबंधन कर रहे हैं। डेढ़ दिन के गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान 12 टन से अधिक निर्माल्य एकत्र हुआ है। इस उत्पादन को प्रसंस्कृत कर इसकी जैविक खाद तैयार की जायेगी। साथ ही निर्माल्य के अविघटित न होने वाले घटकों को छांटकर पुनर्प्रसंस्करण के लिए भेजा जाएगा। इस साल भी निर्मला में प्लास्टिक, थर्माकोल की मात्रा कम हुई है। इस वर्ष घूर्णन विसर्जन प्रणाली चार वार्ड समिति क्षेत्रों अर्थात् नौपाड़ा-कोपारी, मजीवाड़ा-मनपाड़ा, वागले और वातरकानगर में उपलब्ध है। विसर्जन व्यवस्था वाला यह चलंत वाहन वार्ड समिति के विभिन्न स्थानों पर सीमित समय के लिए सुबह 12 बजे से रात 10 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इसके ऊपर बने टैंक में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा सकता है।

## इस साल 49 जगहों पर टैंक की सुविधा

पिछले वर्ष से नगर निगम ने निस्तारी के लिए कृत्रिम तालाबों के साथ-साथ छोटे टैंकों की भी व्यवस्था की थी। इस हिसाब से पिछले साल 42 जगहों पर टैंक की सुविधा उपलब्ध थी. इस वर्ष यह संख्या बढ़ाकर 49 कर दी गई है। इसके अलावा, जेल झील, माधवी हाउस-राममारुथी रोड, महागिरी कोलीवाड़ा, टेम्बी नाका, रीजेंसी हाइट्स-आजादनगर, लोढ़ा लक्जरी, कामगार अस्पताल, किसान नगर बस स्टॉप, मॉडला चेक नाका, देवदया नगर-शिवाई नगर में मूर्ति स्वीकृति केंद्र हैं। अंबेघोसाले, मसुंदा दत्त घाट, खारीगांव, घोलाईनगर, दतिवली झील, खिड़काली झील, न्यू शिवाजी नगर कलवा झील, नीलकंठ वुड्स- टिकुजिनी वाडी, रेवाले, बोरीवाडे, ब्रह्माण्ड रितु पार्क, हीरानंदानी रेलादेवी-1, रेलादेवी-2, उपवन झील परिसर-वर्तकनगर देवदयानगर आदि 15 स्थानों पर कृत्रिम झीलों की व्यवस्था की गई है।

# उल्हासनगर मनपा में 'स्वच्छ वायु दिवस' कार्यशाला का आयोजन।

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

'अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिन' मनाने के उद्देश्य से उल्हासनगर मनपा के पर्यावरण विभाग ने 'स्वच्छ वायु कार्यशाला' नामक एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत किया गया था।




## वायु प्रदूषण के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन

कार्यशाला का उद्घाटन उल्हासनगर मनपा आयुक्त और प्रशासक विकास ढाकने के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ अतरिक्त जमीर लेंगरेकर, उपायुक्त (पर्यावरण) डॉ. सुभाष जाधव ने भी उपस्थित विद्यार्थियों के समक्ष पर्यावरण के महत्व पर मौलिक विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विभागाध्यक्ष विशाखा सावंत ने किया। कार्यशाला में कई विशेषज्ञ व्याख्याताओं ने वायु प्रदूषण के कारणों और उस पर काबू पाने के लिए आवश्यक पर्यावरण अनुकूल उपायों पर गहन मार्गदर्शन दिया। छात्रों को वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों और इसे रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में जानकारी दी गई। शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग, पेड़-पौधे लगाना और प्रदूषण कम करने वाली जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सी.एच.एम. कॉलेज, एस.ई.एस. कॉलेज, वेदांत कॉलेज विट्ठलवाड़ी, एस.एच.एम. कॉलेज एवं एस.एस.टी महाविद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन छात्रों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए नागरिक के रूप में क्या भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वच्छ हवा के महत्व के बारे में शिक्षित करना और उन्हें पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। विशेषज्ञों ने मानव जीवन पर वायु प्रदूषण के दूरगामी प्रभावों पर प्रकाश डाला और 'सभी के लिए स्वच्छ हवा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आवाहन किया है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** | शुरुआत हमेशा आज से होती है : मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट



# बाप्पा का सियासी दर्शन

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किए लालबाग के राजा के दर्शन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 8 सितंबर से महाराष्ट्र के दौरे पर हैं। उन्होंने 8 सितंबर को मुंबई में एक कार्यक्रम में भाग लिया। महाराष्ट्र सहित पूरे देश में गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। मुंबई में गणेशोत्सव के दौरान दूर-दूर से भक्त यहां आकर भगवान गणेश के दर्शन करते हैं। इसी कड़ी में आज यानी 9 सितंबर को अमित शाह ने मुंबई के लालबाग के राजा के दर्शन किए। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनकी धर्मपत्नी सोनल शाह भी मौजूद थीं मुंबई के लालबाग इलाके में सबसे प्रसिद्ध गणेश पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े भी थे। शाह बाद में बांद्रा वेस्ट गणेश पंडाल भी गए, जो भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार से संबद्ध है।

## शरद पवार भी सहपरिवार पहुंचे



### शरद पवार ने भी किए लालबाग के राजा के दर्शन

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को मुंबई में प्रसिद्ध लालबाग के राजा गणेश पंडाल जा कर गणेश भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। शरद पवार अपने दामाद सदानंद सुले और नातिन रेवती के साथ लालबागचा राजा के पंडाल में गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि ''मुंबई के गणेश उत्सव की धूम गिरगांव में देखी जा सकती है। अपने परिवार के सदस्यों के साथ पूरे दिल से लालबागचा राजा पंडाल के दर्शन किए। मैंने किसानों तथा आम लोगों के हितों के लिए लड़ने की शक्ति पाने की प्रार्थना की।''

### शरद पवार कर रहे दिखावा

भाजपा के विधान परिषद सदस्य प्रवीण दरेकर ने पवार के लालबागचा राजा पंडाल में जाने को ''दिखावा'' बताया। दरेकर ने दावा किया कि ''पवार कई वर्षों बाद मंदिर गए हैं और वह भी राजनीतिक कारणों से। उनका पंडाल में जाना बड़ा दिखावा है। पवार ऐसे कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं जहां वक्ताओं ने हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया है लेकिन उन्होंने कभी उनका विरोध नहीं किया।''

## कहीं लालबाग के राजा को गुजरात लेकर न चले जाएं अमित शाह: संजय राउत



शिवसेना उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से भाजपा मुंबई की विरासतों को गुजरात एक्सपोर्ट कर रही है, कहीं वह लालबाग के राजा को भी लेकर वहां न चली जाए। राउत ने अमित शाह की हालिया मुंबई यात्रा के संदर्भ में कहा, ₹इस बार आए हैं तो लोगों को डर लगने लगा है कि कहीं वह लाल बाग के राजा को गुजरात लेकर तो नहीं जाएंगे। भाजपा ने मुंबई की सांस्कृतिक विरासत को गुजरात ले जाने की कोशिश की है। उन्होंने मुंबई की पहचान के अन्य पहलुओं के साथ भी यही किया है। इस बार, जब अमित शाह आए, तो लोगों को डर था कि वह लालबाग के राजा को ले जा सकते हैं, क्योंकि वह कुछ भी कर सकते हैं।

### 'सब कुछ गुजरात लेकर जाना चाहते हैं अमित शाह'

शिवसेना (UBT) नेता ने कहा, ₹हमारा लाल बाग के राजा के साथ गहरा नाता है। कोई भी यह नाता नहीं तोड़ सकता है। लेकिन, भाजपा का व्यापार मंडल कुछ भी कर सकता है।₹ राउत ने कहा कि बाला साहेब ठाकरे ने बॉम्बे को मुंबई करने के लिए आंदोलन किया था जिसमें कई राजनीतिक दलों के लोग शामिल थे। बहुत से सामाजिक लोग भी थे लेकिन अमित शाह कहते हैं यह उन्होंने किया। उद्धव गुट के नेता ने कहा, ₹कल बोलेंगे लाल बाग का राजा का निर्माण हमने किया। मुंबई के लिए 105 मराठी ने अपना बलिदान दिया। हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, कंगाल बनाकर सब कुछ गुजरात लेकर जाना चाहते हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

## AIMIM ने जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

ऑल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहादुल मुस्लमीन ने आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। एआईएमआईएम ने संभाजीनगर, मालेगांव, धुले और सोलापुर विधानसभा सीट के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। संभाजीनगर से इम्तियाज जलील, मालेगांव से मुफ्ती इस्माईल, धुले से फारुख शहा और सोलापूर से फारुख शाब्दी चुनाव लड़ेंगे।

### मुंबई के AIMIM अध्यक्ष लड़ेंगे चुनाव

इसके साथ ही पार्टी ने बताया कि इस बार मुंबई AIMIM अध्यक्ष रईस लष्करिया भी चुनाव लडेंगे। इनकी सीट का ऐलान जल्द किया जाएगा।

### ओवैसी ने की ये खास अपील

महाराष्ट्र के छत्रपती संभाजीनगर मे एक सभा में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'मेरी आप से गुजारिश है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। मैं आप से अपील कर रहा हूं, जो लोग वक्फ की प्रॉपर्टी को बर्बाद करने आ रहे हैं। आप और हम लोग मिलकर पॉलिटिकल रूप से उनको बर्बाद कर देंगे। आप से अपील है कि महाराष्ट्र विधानसभा में AIMIM को जीतना जरूरी है। आप आवाज हैं।

# कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

## लाड़ली बहन योजना के चलते राज्य की कई योजनाओं का पैसा रुका: विजय वडेट्टीवार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री मेरी लाडली बहन योजना' को लेकर विपक्ष पिछले काफी समय से हमलावर है। विधानसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय वडेट्टीवार ने राज्य की शिंदे सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। वडेट्टीवार ने कहा कि लाडली बहन योजना के चलते राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का 3 महीने से पैसा रुक गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार के पास फंड की कमी है, जिसके चलते पिछले काफी समय से चल रही राज्य सरकार की अन्य योजनाएं पैसे के अभाव में दम तोड़ती हुई दिखाई दे रही हैं। वडेट्टीवार के आरोपों पर राज्य सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कबूल करते हुए कहा कि राज्य सरकार की अन्य योजनाओं की निधि बांटने में देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि जब योजनाओं को फंड देने में समय लग रहा है। हालांकि राज्य सरकार सभी को पैसा जरूर देगी।

### 'आंगनबाड़ी और आशा वर्कर को पैसे नहीं दे रही है सरकार'



वडेट्टीवार ने कहा कि राज्य सरकार लाडली बहन योजना को लेकर पिछले काफी समय से ढिंढोरा पीट रही है। जब सरकार ने अन्य योजनाओं का फंड लाड़ली बहन योजना के लिए डाइवर्ट कर दिया है तो सरकार के पास अन्य योजनाओं को चलाने के लिए पैसा ही नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की हालत कुछ ऐसी हो गई है कि सरकार के पास फंड एक हजार करोड़ है लेकिन ठेके 1 लाख करोड़ तक के दिए जा रहे हैं। यहां तक कि ठेकेदारों को समय पर फंड नहीं मिल रहा है। होमगार्ड के जवानों को बढ़ा हुआ भत्ता नहीं मिल रहा है।

### भुजबल बोले- बड़ी योजनाओं को प्राथमिकता जरूरी

मंत्री छगन भुजबल से जब इस मामले को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि योजनाओं को निधि बांटने में देरी का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले जब राज्य में कांग्रेस और राकांपा (अविभाजित) की सरकार थी तो उस दौरान भी दो-तीन साल तक योजनाओं के पैसे लटकते थे। भुजबल ने कहा कि लेकिन राज्य सरकार ने जिन योजनाओं को पैसा देने का फैसला कर लिया है, उनको पैसा जरूर दिया जाएगा। भुजबल ने कहा कि राज्य सरकार उन योजनाओं को पहले प्राथमिकता दे रही है, जिनको फंड की तत्काल जरूरत है। विपक्ष को लाडली बहन योजना पर राजनीति करनी है, इसलिए वह इस तरह के नए-नए आरोप लगा रहे हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव | भगवान हमारे ऊपर प्रसन्न हैं: गडकरी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, भाजपा अपनी रणनीति को रोज नई धार दे रही है। भारतीय जनता पार्टी ने निश्चय किया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी लगभग 100 से ज्यादा प्रचार सभाएं और रोड शो करेंगे। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से इसके लिए निवेदन भी किया था, जिसे गडकरी ने मान लिया है। गडकरी ने कहा है कि चुनाव में बीजेपी को यश मिलेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए भगवान से कुछ मांगने की जरूरत नहीं है, भगवान हमारे ऊपर प्रसन्न हैं।



### विदर्भ पर रहेंगी बीजेपी की निगाहें

दरअसल, नितिन गडकरी ने जिस तरीके से लोकसभा चुनाव के दौरान 95 सभाएं की थीं, उसी तर्ज पर वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी एवं महायुती को जीताने के लिए प्रचार सभाएं और रोड शो करेंगे। देशभर में नितिन गडकरी अपने काम के लिए जाने जाते हैं। साथ ही महाराष्ट्र में उनके चाहने वालों की एक बड़ी तादाद है। उनके भाषण देने का अंदाज भी लोगों को काफी प्रभावित करता है। नितिन गडकरी का प्रभाव महाराष्ट्र में तो है ही, लेकिन विदर्भ क्षेत्र में उनका प्रभाव काफी ज्यादा देखा जाता है। विदर्भ में 60 से ज्यादा सीटें आती हैं, ऐसे में बीजेपी का फोकस इन सीटों पर ज्यादा रहेगा।

### एक महीने तक प्रचार करेंगे गडकरी

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी लगभग एक महीने तक चुनाव प्रचार करेंगे। गडकरी देश के बड़े नेता हैं। वह पहले से जवाबदारी से काम करते रहे हैं। बावनकुले ने कहा कि गडकरी महाराष्ट्र से लेकर दिल्ली तक बड़े कदावर नेता के रूप में जाने जाते हैं। निश्चित तौर पर नितिन गडकरी भारतीय जनता पार्टी को जीताने के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगे।


## फोर्ट में सिद्धितप पारणोत्सव संपन्न



भावेश पुनमिया



दिपा पुनमिया



हेमंत (पप्पु) पुनमिया

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

फोर्ट के तपगच्छ मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान में सोमवार को सिद्धितप पारणोत्सव संपन्न हुआ। इस दौरान फोर्ट के लोगों ने भावेश पुनमिया, दिपा पुनमिया पारणा और हेमंत (पप्पु) पुनमिया को पारण कराया। गौरतलब है कि पुनमिया परिवार के तीन सिद्धितप के तपस्वीरत्नो की आराधना सुख साता पूर्वक पूर्णता की ओर अग्रसर है।

इस अवसर पर बड़े पैमाने पर लोजी पहुंचे और उन्होंने खुडाला निवासी मातुश्री पुष्पादेवी हस्तीमल धनराज पुनमिया परिवार की तरफ से आयोजित आजाद मैदान के सामने सिद्धितप तपस्वीयों का भव्य पारणा कराया। गौरतलब वह की जैन समुदाय के लोग आठ दिनों तक केवल पानी का उपवास रखते हैं, इसे अठाई कहते हैं।

नौवें दिन उपवास समाप्त हो जाता है। मिश्री का पानी और मूंग का पानी सबसे पहले दिया जाने वाला पेय है, वह भी चम्मच-चम्मच। इसनाश्ते कोपारना कहते हैं।

## महाराष्ट्र के मंत्री की लाडली बेटी ने की बगावत

### शरद पवार गुट में शामिल होंगी भाग्यश्री अत्राम



**मुंबई।** विधानसभा चुनाव से पहले राकां नेता शरद पवार, महायुति खासकर अजीत पवार की राकां को झटके पर झटका दे रहे हैं। राकां में बगावत के दौरान अजीत पवार का साथ देनेवाले महायुति सरकार के खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री धर्मराव बाबा अत्राम के घर में बगावत कराकर बड़े पवार ने इस बार बराबर करने का प्रयास किया है। बड़े पवार के जादू के समक्ष अत्राम की बेटी भाग्यश्री पर पिता की धमकी और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की समझाइश का कोई प्रभाव नहीं हुआ। शरद पवार की राकां में शामिल होने व अपने पिता के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने का पूरा मन बना लिया है।

# म्हाडा में आयोजित छठे लोकतंत्र दिवस के दौरान नौ आवेदनों पर हुई सुनवाई




**दीपक पवार | मुंबई**

म्हाडा के लोकतंत्र दिवस के अवसर पर आज फिर यह स्पष्ट हो गया कि आम नागरिकों को शिकायतों के निवारण के लिए एक मंच मिल रहा है। 'म्हाडा' के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जयसवाल ने लगभग 35 वर्षों से रुके हुए आवेदक मिलिंद रेले के फ्लैट नियमितीकरण के मुद्दे को मंजूरी देकर लोकतंत्र दिवस पर रेले परिवार को न्याय दिलाया है।

### 35 साल तक लंबित रहा मामला सुलझा

मुंबई में म्हाडा मुख्यालय में लोकतंत्र दिवस पर मिलिंद रेले की अर्जी के मामले में सुनवाई के दौरान डी. एन नगर, अंधेरी की एक हाउसिंग सोसायटी के सदस्य दिवंगत बी. एस संजीव जयसवाल ने रेले के नाम पर बने फ्लैट को उनके उत्तराधिकारियों के नाम पर नियमित करने का निर्देश दिया. इस फैसले के साथ ही यह मामला करीब 35 साल तक लंबित रहा। साथ ही, मुंबई के प्रभादेवी में पवनछाया सहकारी हाउसिंग सोसाइटी में भारती वांगारी के फ्लैट के नियमितीकरण के मुद्दे को हल करते हुए, जो 2009 से लंबित है, जयसवाल ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया और इस फ्लैट के अनधिकृत निवासियों को सूचित करने का निर्देश दिया। अंधेरी पश्चिम में वंदना शर्मा के आवेदन के मामले में, डेवलपर ने पुनर्विकसित इमारत में दो फ्लैट प्रदान करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन संबंधित डेवलपर ने केवल एक फ्लैट दिया था। जयसवाल ने निर्देश दिया कि संबंधित आवेदक शर्मा को भवन का नक्शा बदल कर दूसरा फ्लैट लेना चाहिए और भवन में फिटनेस सेंटर की जगह कम कर उपलब्ध जगह में फ्लैट देना चाहिए और बदले में आवेदक से कारपेट एरिया चार्ज करना चाहिए। गोपाल धुरी के आवेदन मामले की सुनवाई के दौरान, धुरी के फ्लैट का 2000 में सर्वेक्षण किया गया था और जयसवाल ने आज संबंधित अधिकारियों को दस्तावेजों की जांच करने और उनकी पात्रता के संबंध में निर्णय लेने का निर्देश दिया।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**
**- सार्वजनिक सूचना-**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (24 जून 2021 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में **परिमंडल-7** के अंदर आर/दक्षिण विभाग से 01 प्रस्ताव यानी **कुल 01** प्रस्ताव वृक्षों को हटाने के लिए मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण एमसीजीएम द्वारा उक्त अधिनियम की धारा (8) की उपधारा (6) के तहत मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका/गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण पर उपलब्ध है। डब्लूएस 221-आर/दक्षिण

**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण अधिकारी,**
वृक्ष अधिकारी का कार्यालय
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
टेली नं -23742162
ईमेल- sg.gardens@mcgm.gov.in

हस्ता.
**उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी**

पीआरओ/1215/विज्ञा./2024-25

हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।

IGR दो बजे दोपहर




संपादकीय

# कारगिल पर स्वीकारोक्ति

जिस सच को भारत बार-बार दोहराता रहा है कि कारगिल युद्ध में पाक के सैनिकों की पूरी भूमिका रही है, उस सच को पाक सेना प्रमुख ने पच्चीस साल बाद स्वीकारा है। पाक की यह सफाई ऐसे वक्त में आई है जब भारत ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ कुछ समय पहले ही मनायी है। बीते शुक्रवार को पाक के रक्षा और शहीद दिवस के मौके पर सेना प्रमुख जनरल सैयद आसिम मुनीर की स्वीकारोक्ति के गहरे निहितार्थ हैं। हालांकि, मुनीर ने गोलमोल तरीके से भारत व पाक के बीच हुए युद्धों समेत कारगिल में हजारों सैनिकों के मारे जाने की बाद कही। दरअसल, वर्ष 1999 के कारगिल संघर्ष को लेकर पाक के किसी शीर्ष सैन्य अधिकारी की पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है कि इस युद्ध में पाक सेना शामिल थी। अब तक पाक दलील देता रहा है कि कारगिल में कश्मीर के लिये लड़ने वाले लोग शामिल थे। हालांकि, इस साल की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कारगिल का नाम लिये बिना यह स्वीकारा था कि इस्लामाबाद ने 1999 में हुए उस समझौते का उल्लंघन किया था, जिस पर उनके व तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हस्ताक्षर थे। यह स्वीकार्य तथ्य है कि कारगिल हमले का दुस्साहस जनरल परवेज मुशर्रफ द्वारा रची साजिश के तहत ही हुआ है। दरअसल, पाकिस्तानी सेना ने बांग्लादेश युद्ध में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने का असफल प्रयास ही किया था। बहरहाल, पाक सेना प्रमुख की कारगिल युद्ध में सेना के शामिल होने की स्वीकारोक्ति के छिपे निहितार्थ भी हो सकते हैं। मगर प्रश्न टाइमिंग को लेकर है कि आखिर क्या वजह थी जो पाक ने यह तब स्वीकारा जब भारत कारगिल विजय के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर जश्न मना चुका है। लेकिन स्पष्ट है कि पाकिस्तान में लोकतंत्र सेना के शिकंजे में पूरी तरह जकड़ा हुआ है। सत्ता पर काबिज शरीफ बंधुओं पर सेना का पूरा दबदबा है। वहीं मुखर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल की सलाखों के पीछे हैं। दरअसल, पाक दुनिया को यह दिखाने का प्रयास कर सकता है कि वह अपनी अतीत की भूलों को स्वीकार रहा है और अपनी ऐतिहासिक भूलों से सबक सीखने को उत्सुक है। तभी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इसी कार्यक्रम में कहा था कि पाक अपने सभी पड़ोसियों से बेहतर संबंध बनाना चाहता है। संभव है कि पाक अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एससीओ बैठक के लिये माहौल बनाने का प्रयास कर रहा हो। जिसमें वह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग लेने की उम्मीद जता रहा है। लेकिन भारत पाक की बातों पर सहज विश्वास कर ले, उसका कोई तार्किक आधार नजर नहीं आता। दोनों देशों के बीच अविश्वास की खाई बीतों दिनों में लगातार चौड़ी होती रही है। खासकर पिछले दिनों जम्मू क्षेत्र में पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों द्वारा भारतीय सैनिकों पर लगातार किए गए हमलों में उसकी भूमिका को लेकर। निश्चित रूप से जनरल मुनीर से एलओसी के पार आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना की भूमिका को स्पष्ट करने के लिये कहा जाना चाहिए।

शख्सियत | पंडित गोविंद बल्लभ पंत

## स्वतंत्रता योद्धा और उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री



पंडित गोविंद बल्लभ पंत एक प्रसिद्ध भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और आधुनिक भारत के निर्माताओं में से एक थे। उन्होंने जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्य किया और नव स्वतंत्र राष्ट्र को परेशान करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों को बड़ी तत्परता से निपटाया। राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं के लिए उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

स्वतंत्रता योद्धा और उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत का जन्म 10 सितंबर, 1887 को हुआ था। उनका जन्म एक महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण परिवार में हुआ था जो बहुत पहले पलायन कर गया था। उनकी माता का नाम गोविंदी बाई और पिता मनोरथ पंत थे। वह भारत की आजादी के लिए लड़ने वाले महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक थे।

एक युवा वकील के रूप में, पंडित पंत ने 1914 में एक कानून को चुनौती देकर ब्रिटिश राज के खिलाफ सफलतापूर्वक अभियान चलाया, जिसके तहत स्थानीय लोगों, जिन्हें 'कुली भिखारी' के नाम से जाना जाता था, को ब्रिटिश अधिकारियों का सामान मुफ्त में ले जाना पड़ता था। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा आंदोलन दोनों में सक्रिय भागीदार थे। भारत की आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में वह राज्य की आर्थिक स्थिति को स्थिर करने में सफल रहे।

उन्होंने जमींदारी प्रथा को समाप्त कर दिया, हिंदू पुरुषों के लिए एक विवाह अनिवार्य कर दिया और हिंदू महिलाओं को तलाक लेने और पैतृक संपत्ति प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया।

गृह मंत्री के रूप में वह राज्यों को भाषाई आधार पर पुनर्गठित करने में सफल रहे। उन्होंने हिंदी को केंद्र सरकार और कुछ राज्यों की आधिकारिक भाषा के रूप में भी स्थापित किया।

1960 में गोविंद बल्लभ पंत को दिल का दौरा पड़ा और कुछ ही समय बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। 7 मार्च, 1961 को 73 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

# कंधार अपहरण के असहज सत्य और सबक

ज्योति मल्होत्रा



वास्तविक जीवन जैसी दिखने वाली वेब सीरीज के साथ समस्या यह है कि वह अपने साथ बहुत सी पुरानी यादें लेकर आती है। 'आईसी 814 : कंधार हाईजैक' नामक इस सीरीज के साथ मुश्किल यह हो रही है कि यह भारत को कमज़ोर दिखाती है : निशक्त, पस्त-अक्षम। नरेंद्र मोदी सरकार की मुश्किल यह है कि उन काले दिनों और रातों को दफनाना चाहती है – जो 1999 में क्रिसमस से पहली शाम और नए साल की पूर्व संध्या के बीच मुसीबत बनकर टूटे थे, जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को 300 से अधिक यात्रियों की जिंदगी के बदले में तीन आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा था –इसकी जगह वह मधुर, गर्मजोशी भरा और खुशनुमा अहसास बनाए रखना चाहती है, जो एक मज़बूत देश का नेतृत्व मजबूत नेता के हाथ होने पर तारी रहता है। परंतु कठिनाई यह है कि इतिहास इस तरह के अहसासों का बंधक नहीं हो सकता। जो होता है, ठीक वही पेश करता है। उस वक्त की कुछ झलकियां पेश हैं : अपहृत विमान में फंसे यात्रियों के परिवारों की मुश्किलें वाजपेयी सरकार की कमजोरी बन गई, जिनके सिर पर सरकार और अपहर्ताओं के बीच सौदा सिरे न चढ़ने पर हर किस्म के नुकसान का खतरा था। ब्रिटेन में पढ़ा और वहां के लहज़े में अंग्रेजी बोलने वाला उमर शेख – जो कि भारत सरकार द्वारा रिहा किए गए तीन आतंकवादियों में से एक था–उससे जब कंधार में भारतीय खुफिया अधिकारी आनंद अर्नी ने पूछा कि आज़ाद होने का क्या अर्थ है, तो उसने जवाब में ढेरों अपशब्द बके। पाकिस्तान की आईएसआई, जिसका पूरी तरह नियंत्रण था, उसने समझौता वार्ता के दौरान भी बुनियादी शर्तों को बदलवाया – 29 दिसंबर की शाम तक, सहमति केवल एक मसूद अज़हर को रिहा करने तक सीमित थी, लेकिन 30 दिसंबर की सुबह होते-होते अपहर्ता तीन आतंकवादियों को रिहा करने की मांग पर अड़ गए। यह वही था, जो होकर रहा। कभी-कभी समस्या यह होती है कि लोग अतीत को वर्तमान के संदर्भ में देखने लगते हैं। उन्हें इस तथ्य से शर्मिंदगी महसूस होती है कि तत्कालीन विदेश मंत्री जसवंत सिंह भी उसी विमान से कंधार गए थे, जिसमें कुछ पीछे की सीटों पर रिहा किए जाने वाले तीनों आतंकवादी सवार थे, जो उन्हें सुनाने को जोर-जोर से अपशब्द बकते रहे। बहुत से लोगों का कहना है कि मंत्री को नहीं जाना चाहिए था, कई ने सवाल किया कि उन्होंने अपने पद की गरिमा क्यों गिराई? लेकिन 'द ट्रिब्यून' के अभिलेखागार में, उस वक्त में झांकने पर पता चलता है कि 1999 में भारत की स्थिति क्या थी। परमाणु परीक्षण हुए कोई एक साल गुजरा था और भारत अभी भी अंतर्राष्ट्रीय तौर पर अभिशप्त-सा था और आगामी गर्मी में अमेरिकी राष्ट्रपति क्लिंटन का दौरा होना तय था। पाकिस्तान के साथ कारगिल युद्ध खत्म हुए बमुश्किल चंद महीने बीते थे। उस सप्ताह, जब अपहृत हुए विमान ने काठमांडू से अमृतसर होते हुए कंधार के लिए उड़ान भरी, जसवंत सिंह ने मदद के लिए अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य जगहों पर अपने कई समकक्षों को संपर्क करने की कोशिश की- लेकिन किसी ने उनका फोन नहीं उठाया। यह सप्ताह नए साल की खुशियां मनाने का था। आप जब जश्न मनाने में व्यस्त हों, ऐसे में तीसरी दुनिया के देश का कोई परेशान आदमी आपको उस समय फोन करे, तो आप केवल यही सोच सकते हैं कि अपनी समस्याओं से वह खुद क्यों नहीं निबट लेता? यही चीज़ है जिससे असली कमजोरी झलकती है। भले ही आप मदद पाने के लिए कितने भी अधीर हों, लेकिन कोई आपका फोन नहीं उठाना चाहता। 'रॉ' के तत्कालीन प्रमुख एएस दुलत के अनुसार, जसवंत सिंह उस सप्ताह दिल्ली में 'अकेले पड़े एक आदमी' थे। उनको लगा कि यदि कोई वरिष्ठ व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से लेन-देन प्रक्रिया की देखरेख करने साथ नहीं गया, तो कहीं अंतिम समय में ऐसा कुछ न हो जिससे यात्रियों की जान खतरे में पड़ जाए। सच तो यह है कि भारतीय वार्ताकार कंधार में कमजोर पड़े प्रतीत हुए क्योंकि उनके पास अपनी बात मनवाने की गुंजाइश बहुत कम या न के बराबर थी। विमान दुश्मन के इलाके में था। कठपुतलियों की डोर आईएसआई के हाथ में थी और सभी पत्ते भी उसके हाथ में थे। नेटफ्लिक्स सीरीज़ उन सभी भारतीय दर्शकों को यह असहज सच्चाई स्वीकारने को मजबूर करती है कि हकीकत में हम वह राज्य नहीं हैं जोकि हम मानते रहे कि हम हैं। हम कमजोर थे, और शायद,अब भी हैं। वेब सीरीज़ ने हम सभी की इस रग को छूआ है कि जब रोशनी बुझ जाती है और हमारे समक्ष केवल हम ही होते हैं, तो क्या सच है और क्या नहीं, यह हमें पता होता है। हम जानते हैं कि हम उतने तगड़े नहीं हैं जितना खुद को मानते हैं। कुछ लोग कह सकते हैं कि 25 साल का समय बहुत लंबा होता है और भारत काफी आगे निकल चुका है- वे पाकिस्तान के साथ वार्ता के संबंध में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अपनाए गए सख्त रुख को गिनाते हैं। कुछ अन्य लोगों का इशारा 2016 में अभूतपूर्व सर्जिकल स्ट्राइक की तरफ होगा, जब भारतीय सशस्त्र बलों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पार की और पाकिस्तानी सेना द्वारा समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ सफलतापूर्वक अभियान चलाये। फिर भी, हम जानते हैं कि कमज़ोरी बनी हुई है, भीतर और बाहर। पिछले सप्ताह की शुरुआत में सिंगापुर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चीनियों पर कसे तंजों के बावजूद हकीकत यह है कि लद्दाख में चीनियों ने हमारे सैनिकों को उस बड़े हिस्से में गश्त करने से वर्जित कर रखा है, जहां पर वे साल 2020 तक गश्त कर सकते थे। जम्मू संभाग में भी, जहां पर आतंकवादियों ने सशस्त्र बलों के 18 कर्मियों पर हमला कर शहीद कर दिया। सिंधुदुर्ग में, जहां शिवाजी की एक मूर्ति अनावरण के कुछ ही महीनों में ढह गई, क्योंकि ठेकेदार ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया था। पंजाब में, जहां पर नशीली दवाओं की समस्या कल्पना से कहीं ज़्यादा बदतर है। मणिपुर में, जहां पर मैतेई कट्टरपंथी अपने साथी बाशिंदों मणिपुरियों पर ड्रोनों से हमले कर रहे हैं। शायद यह स्वीकार करना कहीं बेहतर है कि आप उतने मजबूत नहीं हैं जितना आप होने का दिखावा करते हैं। न लद्दाख में, न सिंधुदुर्ग में या फिर,न ही कंधार में।

सहज योग

# परमात्मा हमारे भीतर कैसे कार्य कर रहा है?



सही और गलत एक उलझा हुआ विषय है. दैवीय और शैतानी भ्रमित हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हमें एक वैज्ञानिक की तरह बहुत खुले विचारों वाला बनना होगा।

उदाहरण के लिए, यदि आप किसी मेडिकल डॉक्टर से चर्चा करेंगे, तो वह आपको यह नहीं बता पाएगा कि कामेच्छा क्या है, जो कई मनोवैज्ञानिक निष्कर्षों का आधार है। यदि आप मनोवैज्ञानिक से पूछें, तो वह आपको यह नहीं बता पाएगा कि सिम्पैथेटिक और पैरासिम्पेथेटिक तंत्रिका तंत्र के लक्षण क्या हैं। फिर, योगशास्त्री(योग विशेषज्ञ) को अनुचित चीज़ माना जाता है। शायद हमने कभी यह महसूस नहीं किया कि ये सभी ज्ञान एक ही स्रोत से आते हैं, वह है जागरूकता। एक ही स्रोत ये सब फूल दे रहा है और फिर भी हम अलग हो गए हैं। और हम एक दूसरे से लड़ रहे हैं, बिना यह जाने कि यह एक स्रोत है जिसने इतने सारे फूल खिलाए हैं। यह विघटन हमें भ्रम की ओर ले जाता है। और कलियुग, यह आधुनिक युग अपनी उलझनों के लिए जाना जाता है। धर्म, धर्म और अधर्म, दोनों भ्रमित हैं। सही और गलत एक उलझा हुआ विषय है. दैवीय और शैतानी भ्रमित हैं। सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हमें एक वैज्ञानिक की तरह बहुत खुले विचारों वाला बनना होगा। और पता लगाएं कि परमात्मा हमारे भीतर कैसे काम कर रहा है।जीवन के विषय पर काम कर रहे कुछ जीव विज्ञानियों ने इतने कम समय में पैदा हुए जीवन के बारे में एक बहुत अच्छी थीसिस पेश की है। उन जीवविज्ञानियों के अनुसार, जब पृथ्वी सूर्य से अलग हुई तब से मानव जीवन के विकास में लगा समय, जीवन उत्पन्न करने के लिए भी बहुत कम है। उन्होंने स्पष्टीकरण दिया है कि यदि आप संयोग का नियम लागू करें तो यह असंभव है। आइए देखें कि संयोग का नियम क्या है? संयोग के नियम को एक सरल सादृश्य से समझा जा सकता है। मान लीजिए कि पचास लाल पत्थर और पचास काले पत्थर हैं और उन्हें एक जार में डाल दिया जाता है और कुछ यांत्रिक तरीकों से हिलाने की अनुमति दी जाती है, फिर आप पाते हैं कि वे सभी मिश्रित हो गए हैं। यही तो अराजकता है. और, जब आप उन्हें उनकी मूल स्थिति में वापस लाने का प्रयास करते हैं, तो आप पाते हैं कि इसमें एक निश्चित संख्या में झटकों की आवश्यकता होती है जो कि न्यूनतम आवश्यक है। कृपया इस सादृश्य को समझने का प्रयास करें। यह एक बहुत ही सरल सादृश्य है। वहां एक घड़ा है जिसमें पचास सफ़ेद या काले-लाल कंकड़ या आप कह सकते हैं कि छोटे-छोटे, गोल-गोल कंकड़ हैं, ये बच्चे उससे खेलते हैं; उसी तरह की चीज़। और तुम इसे हिलाओ। जब आप इसे हिलाना शुरू करते हैं, तो वे सभी मिश्रित हो जाते हैं। अतः अव्यवस्था से लेकर व्यवस्थित जीवन तक यह एक कोशिका की तरह है। पदार्थ की तुलना में अमीबा एक व्यवस्थित जीवन है। यहां तक कि अणु भी संगठित हैं, यहां तक कि परमाणु भी संगठित हैं, लेकिन उनमें खुद को व्यवस्थित करने की इच्छाशक्ति नहीं है। या खुद की रक्षा करेंगे।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

जीवन ऊर्जा | मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट : निधन 10 सितंबर 1797 | देहावसान

# शुरुआत हमेशा आज से होती है

मैरी वोलस्टोनक्राफ्ट एक ब्रिटिश लेखिका, दार्शनिक और महिलाओं के अधिकारों की पैरोकार थीं। उनका जन्म 27 अप्रैल 1759 में हुआ था। उन्हें संस्थापक नारीवादी दार्शनिकों में से एक माना जाता है और नारीवादी अक्सर उनके जीवन और उनके कार्यों दोनों को महत्वपूर्ण प्रभावों के रूप में उद्धृत करते हैं। अपने संक्षिप्त करियर के दौरान, उन्होंने उपन्यास, ग्रंथ, एक यात्रा कथा, फ्रांसीसी क्रांति का इतिहास, एक आचरण पुस्तक और एक बच्चों की किताब लिखी। उनका निधन 10 सितंबर 1797 में हुआ था।



शुरुआत हमेशा आज से होती है। दोस्ती एक गंभीर स्नेह है। सभी प्रेमों में सबसे उदात्त, क्योंकि यह सिद्धांत पर आधारित है और समय के साथ मजबूत होता है। मैं नहीं चाहती कि स्त्रियां पुरुषों पर अधिकार करें, बल्कि खुद के ऊपर अधिकार रखें। सारे सपने मेरे अपने थे, मैंने उनका हिसाब किसी को नहीं दिया, नाराज होने पर वे मेरी शरणस्थली थे। आजाद होने पर मेरी सबसे प्यारी खुशी। अगर हम इतिहास की ओर मुड़ें, तो हम पाएंगे कि जिन महिलाओं ने खुद को प्रतिष्ठित किया है, वे न तो सबसे सुंदर और न ही सबसे कोमल रही महिला रही हैं। बचपन से ही सिखाया जाता है कि सुंदरता स्त्री का राजदंड है, मन शरीर को आकार देता है और अपने गिल्ट पिंजरे के चारों ओर घूमते हुए केवल अपनी जेल को सजाना चाहता है। स्त्री मन को बड़ा करके उसे मजबूत करो और अंध आज्ञाकारिता का अंत हो जाएगा। कोई मनुष्य बुराई को नहीं चुनता, क्योंकि वह बुराई है, वह इसे सिर्फ खुशी के लिए भूल जाता है। सादगी और ईमानदारी आम तौर पर साथ-साथ चलती है, क्योंकि दोनों सत्य के प्रेम से आगे बढ़ते हैं। महिलाओं के तौर-तरीकों में एक क्रांति लाने का समय आ गया है, उन्हें उनकी खोई हुई गरिमा को बहाल करने का समय और उन्हें मानव प्रजाति के हिस्से के रूप में, दुनिया को सुधारने के लिए खुद को सुधारकर श्रम करने का समय है। यह अपरिवर्तनीय नैतिकता को स्थानीय शिष्टाचार से अलग करने का समय है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# चौरासी लाख योनियों का वर्णन

30 लाख बार वृक्ष योनि में जन्म होता है ।इस योनि में सर्वाधिक कष्ट होता है ।धूप ताप,आँधी, वर्षा आदि में बहुत शाखा तक टूट जाती हैं। शीतकाल में पतझड में सारे पत्ता पत्ता तक झड़ जाता है। लोग कुल्हाड़ी से काटते हैं ।उसके बाद जलचर प्राणियों के रूप में ९ लाख बार जन्म होता है। हाथ और पैरों से रहित देह और मस्तक। सड़ा गला मांस ही खाने को मिलता है ।एक दूसरे का मास खाकर जीवन रक्षा करते हैं ।उसके बाद कृमि योनि में १० लाख बार जन्म होता है और फिर ११ लाख बार पक्षी योनि में जन्म होता है। वृक्ष ही आश्रय स्थान होते हैं जोंक, कीड़-मकोड़े, सड़ा गला जो कुछ भी मिल जाय, वही खाकर उदरपूर्ति करना। स्वयं भूखे रह कर संतान को खिलाते हैं और जब संतान उडना सीख जाती है तब पीछे मुडकर भी नहीं देखती काक और शकुनि का जन्म दीर्घायु होता है ।उसके बाद २० लाख बार पशु योनि, वहाँ भी अनेक प्रकार के कष्ट मिलते हैं। अपने से बडे हिंसक और बलवान् पशु सदा ही पीडा पहुँचाते रहते हैं। भय के कारण पर्वत कन्दराओं में छुपकर रहना। एक दूसरे को मारकर खा जाना। कोई केवल घास खाकर ही जीते हैं ।किन्ही को हल खीचना, गाडी खीचना आदि कष्ट साध्य कार्य करने पडते हैं रोग शोक आदि होने पर कुछ बता भी नहीं सकते।सदा मल मूत्रादि में ही रहना पडता है।



गौ का शरीर समस्त पशु योनियों में श्रेष्ठ एवं अंतिम माना गया है। तत्पश्चात् ४ लाख बार मानव योनि में जन्म होता है । इनमे सर्वप्रथम घोर अज्ञान से आच्छादित ,पशुतुल्य आहार विहारवनवासी वनमानुष का जन्म मिलता है। उसके बाद पहाडी जनजाति के रूप में नागाकूकीसंथाल आदि में । उसके बाद वैदिक धर्मशून्य अधम कुल में पाप कर्म करना एवं मदिरा आदि निकृष्ट और निषिद्ध वस्तुओं का सेवन ही सर्वोपरि । उसके बाद शूद्र कुल में जन्म होता है । उसके बाद वैश्य कुल में ।

फिर क्षत्रिय और अंत में ब्राह्मणकुल में जन्म मिलता है और सबसे अंत में ब्राह्मणकुल में जन्म मिलता है ।यह जन्म एक ही बार मिलता है। जो ब्रह्मज्ञान सम्पन्न है वही ब्राह्मण है। अपने उद्धार के लिए वह आत्मज्ञान से परिपूर्ण हो जाता है । यदि इस दुर्लभ जन्म में भी ज्ञान नहीं प्राप्त कर लेता तो पुनः चौरासी लाख योनियों में घूमता रहता है। भगवत शरणागति के अलावा कोई और सरल उपाय नहीं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

## निर्मल मन

संत रामानुजाचार्य काफी वृद्ध और कमजोर हो जाने के बाद भी प्रातःकाल स्नान के लिए नदी तट पर जाया करते थे। वे स्नान करने जाते समय अपने ब्राह्मण शिष्यों का सहारा लेते और लौटते समय हरिजनों का लोगों की समझ में यह बात नहीं आ रही थी कि स्वामी जी स्नान करने के बाद अपने शरीर को शूद्रों से क्यों छुआते हैं? एक दिन उनके एक भक्त से रहा न गया और उसने स्वामी जी से पूछा, 'महाराज! आप स्नान करने के बाद अपने शरीर को शूद्रों से क्यों छुआते हैं? ऐसा करने से तो आपका शरीर अपवित्र हो जाता है।' स्वामी जी मुस्कुराकर बोले, 'वत्स! मैं अहंकार दमन का उपदेश देता हूं, तो मेरे भीतर अहंकार नहीं होना चाहिए। यदि अहंकार रहेगा तो मेरे उपदेश व्यर्थ हैं। स्नान करने से मेरा शरीर निर्मल होता है, किंतु शूद्रों के संसर्ग से मेरा मन पवित्र हो उठता है। शरीर की शुद्धि के साथ-साथ मन की शुद्धि भी परम आवश्यक है।

## उदारता

हजरत मुहम्मद के अनेक विरोधी थे। पर वे उन सबकी परवाह न कर निरन्तर अपना धर्मप्रचार का कार्य करते रहते थे। विरोधी उन्हें इससे विरत करने के लिये तरह-तरह के प्रयास करते थे। एक बार हजरत मुहम्मद अपने घर जा रहे थे तो उनके एक विरोधी ने ऊपर गन्दा कूड़ा-कचरा उनके सिर पर फेंक दिया। मुहम्मद साहब ने कोई विरोध नहीं किया और चुपचाप अपने रास्ते पर आगे बढ़ गये। अब उस व्यक्ति का यह नित्य का क्रम बन गया। जब भी हजरत मुहम्मद वहाँ से गुजरते, वह ऊपर से कूड़ा फेंक देता। अनेक दिनों तक ऐसा होता रहा। एक दिन सहसा इस क्रम का उल्लंघन हो गया। मुहम्मद साहब ने पड़ौसियों से पूछा 'भाई वह व्यक्ति जो मुझ पर कूड़ा डालता था आज दिखाई नहीं दे रहा।' पड़ौसियों ने बताया कि वह बहुत बीमार है। यह सुनते ही मुहम्मद साहब तुरन्त उसके घर गये, उसे दवा दिलवायी और कई दिनों तक उसकी सेवा सुश्रूषा करते रहे। मुहम्मद साहब की इस उदारता और विशाल हृदयता ने विरोधी का मन जीत लिया। उसने उनके पैरों पर गिर कर अपने दुष्कर्मों के लिये क्षमा माँगी और धर्म प्रचार में उनका सहायक बन गया।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

शख्सियत

# भारत की पहली महिला चिकित्सक आनंदी जोशी

आनंदी जोशी डॉक्टरी की डिग्री हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला थीं। जिस जमाने में महिलाओं की शिक्षा को लेकर जागरूकता नहीं थी, उस समय विदेश जाकर डाक्टरी की पढ़ाई करना अपने आप में एक मिसाल थी। आनंदी गोपाल जोशी का जन्म महाराष्ट्र के थाणे में एक पारंपरिक मराठी परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम यमुना था। उनका परिवार रूढ़िवादी था, जो केवल संस्कृत पढ़ना जानता था। उनके पिता जमींदार थे। मगर ब्रिटिश शासन द्वारा महाराष्ट्र में



जमींदारी प्रथा समाप्त किए जाने के बाद उनके परिवार की स्थिति बेहद खराब हो गई। यमुना का विवाह नौ वर्ष की उम्र में ही उनसे बीस वर्ष बड़े एक विधुर से कर दिया गया। विवाह के बाद उनका नाम आनंदी हो गया। उन्होंने मात्र चौदह साल की उम्र में एक बेटे को जन्म दिया। पर दुर्भाग्यवश उचित चिकित्सा के अभाव में दस दिनों के भीतर ही उसका देहांत हो गया। इस घटना से उन्हें गहरा सदमा पहुंचा। वे भीतर ही भीतर टूट-सी गईं। आनंदी गोपाल जोशी ने कुछ दिनों बाद अपने आपको संभाला और खुद डाक्टर बनने का निश्चय किया। वे चिकित्सा के अभाव में असमय होने वाली मौतों को रोकना चाहती थीं।

उस समय भारत में ऐलोपैथी चिकित्सा की पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं थी। इसके लिए विदेश जाना पड़ता था। आनंदी गोपाल जोशी द्वारा अचानक लिए गए फैसले से परिजन और आस-पड़ोस में विरोध की लहर उठ खड़ी हुई। उनकी काफी आलोचना भी की गई। तब उन्होंने सिरमपुर कालेज के हाल में लोगों को जमा करके ऐलान किया कि 'मैं केवल डाक्टरी की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अमेरिका जा रही हूं। मेरा इरादा न तो धर्म बदलने का है और न वहां नौकरी करने का। मेरा मकसद भारत में रह कर यहां के लोगों की सेवा करने का है, क्योंकि भारत में एक भी महिला डाक्टर नहीं है, जिसके चलते असमय ही बहुत-सी महिलाओं और बच्चों की मौत हो जाती है।'

आनंदी गोपाल जोशी के भाषण का रूढ़िवादी लोगों पर व्यापक असर हुआ और पूरे देश से उनकी डाक्टरी की पढ़ाई के लिए मदद देने के लिए पेशकश की गई। पूरे भारत से उन्हें सहायता मिलने लगी। वायसराय ने भी उन्हें दो सौ रुपए की सहायता राशि भेजी। आनंदी जोशी ने अपने सोने के सभी आभूषण बेच दिए और कुछ यूरोपीय महिलाओं के साथ कोलकाता से न्यूयार्क के लिए रवाना हो गई। वीमेन्स कालेज आफ फिलाडेल्फिया में प्रवेश लिया। कालेज के सुपरिंटेंडेट और सचिव इस बात से बहुत प्रभावित थे कि एक लड़की सामाजिक विरोधों को झेलते हुए यहां इतनी दूर पढ़ने आई है। उन्होंने तीन साल की उनकी पढ़ाई के लिए छह सौ डालर की छात्रवृत्ति मंजूर कर दी। आनंदी जोशी के पति गोपाल राव ने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया। उन्नीस साल की उम्र में, 1886 में उन्होंने ने एमडी कर लिया। उनके डिग्री प्राप्त करने पर महारानी विक्टोरिया ने उन्हें बधाई-पत्र लिखा और भारत में उनका स्वागत एक नायिका की तरह किया गया। आनंदी जोशी 1886 के अंत में भारत लौट आईं और अल्बर्ट एडवर्ड अस्पताल, प्रिंसले स्टेट आफ कोल्हापुर में एक महिला डाक्टर के रूप में जिम्मेदारी संभाल ली। मगर कुछ ही दिनों बाद वे तपेदिक की शिकार हो गईं, जिससे मात्र इक्कीस साल की उम्र में उनका निधन हो गया। कैरोलिन विल्स ने 1888 में उनकी जीवनी लिखी। इस जीवनी के आधार पर दूरदर्शन पर 'आनंदी गोपाल' नाम से हिंदी टीवी धारावाहिक का प्रसारण किया गया था।







# दुल्हन के लिए खूबसूरत सोने के झुमके के डिज़ाइन


वेडिंग सीज़न यानी कि जूलरी की खरीदारी का सीज़न होता है। हालांकि बात अलग सोने की जूलरी की करें तो वो हर समय ही डिमांड में रहती है। वेडिंग सीज़न के मौके पर तो दुल्हनों के लिए खासतौर पर कलेक्शन आता है। जिसमें बेहद सुंदर सोने के नेकलेस, नथ, झुमके, मांगटीका सबकुछ होता है। बात अगर केवल झुमकों की करें तो सोने के झुमकों की मार्केट में बहुत अच्छी रेंज आती है। जो शादी के बाद या शादी के वक्त भी दुल्हनें पहनती हैं। या आप चाहें तो अपनी बहू के लिए भी खरीद सकते हैं। तो आज हम आपको दिखाएंगे सोने के खूबसूरत झुमकों की लेटेस्ट डिज़ाइंस। जिन्हें आप अपनी शादी के दौरान या शादी के बाद पहन सकती हैं। या फिर इन्हें अपनी होने वाली या हो चकी बहू के लिए भी खरीदा जा सकता है।

## ट्रेडिशनल तीन लेयर वाला झुमका




तीन लेयर वाली ये ट्रेडिशनल झुमकी नई दुल्हन के हिसाब से परफेक्ट है। इसकी डिज़ाइन खूबसूरत है और इसकी खासियत है कि आप चाहें तो झुमकी का हिस्सा निकालकर केवल टॉप्स भी पहन सकती हैं।

## फ्लोरल गोल्ड झुमका



फ्लोरल वाला ये गोल्ड झुमका बी बेहद खूबसूरत है। ये ज़्यादा बड़ा नहीं है ऐसे में इसे डेली वियर के हिसाब से भी पहना जा सकता है। शादी के बाद हर नई दुल्हन को रोज़ ही इन्हें पहनना होता है। तो उसके लिए ये वाले गोल्ड झुमके परफेक्ट हैं।

## एंटीक झुमकी



ये एंटीक गोल्ड झुमके भी बेहद खूबसूरत है। इसकी डिज़ाइन और पैटर्न काफी यूनिक है। जिससे इसकी खूबसूरती बढ़ गई है। ये झुमके भी आसानी से पहने जा सकते हैं। किसी भी नई दुल्हन की खूबसूरती में ये चार चांद भी लगा देंगे।

## कार्व्ड झुमका



ये कार्व्ड झुमका भी बेहद खूबसूरत है। जो ईयरकफ स्टाइल का है और इसमें नीचे की ओर झुमकी है। ये ट्रेंडी और थोड़ा यूनिक पीस है जो भीड़ में अलग दिखाएगा।

## इंट्रिकेट ज्योमेट्रिक झुमका



ये गोल्ड झुमके लेटेस्ट डिज़ाइन वाले हैं जो आजकल की लड़कियों को तो बहुत पसंद आने वाले हैं। इसकी लेटेस्ट डिज़ाइन और इसका डिफरेंट पैटर्न काफी खूबसूरत है।

## ब्राइडल नक्षी झुमका



ये टेम्पल झुमका ट्रेडिशनल लुक के लिए सबसे बेस्ट चॉइस है। इन दिनों तो टेम्पल जूलरी काफी चलन में भी है। ये झुमके दुल्हन अपनी शादी के मौके पर भी पहन सकती है। शादी के बाद भी किसी पार्टी या फंक्शन के दौरान ये जूलरी पहनी जा सकती है।

## आर्टिस्टिक एंटीक गोल्ड झुमका



ये एंटीक और यूनिक झुमके भी बहुत खूबसूरत हैं जिनमें पिंक स्टोन भी लगा हुआ है। ये झुमके बहुत खूबसूरत हैं और इनकी डिज़ाइन भी लेटेस्ट ट्रेंड के हिसाब से ही है। ये झुमके बहुत सुंदर लगने वाले हैं।

## एंटीक गोल्ड झुमका



ये एंटीक गोल्ड झुमके भी बहुत खूबसूरत हैं। जो दुल्हन शादी के मौके पर भी पहन सकती है और साथ ही साथ शादी के बाद भी कभी भी पहन सकते हैं। ये ऐसे झुमके हैं जिसे किसी भी ड्रेस के साथ पहना जाए तो ये बहुत खूबसूरत लगेंगे।

## रेडिएंट टेम्पल झुमकी

ये रेडिएंट टेम्पल झुमकी भी बहुत अच्छी है। जो किसी भी ड्रेस के साथ बेहद खूबसूरत लगने वाली है। इसे भी आजकल की लड़कियों के हिसाब से ही डिज़ाइन किया गया है। ये साउथ इंडियन वाला लुक देने के लिए परपेक्ट जूलरी है।

## मीना कुंदन गोल्ड झुमका

ये मीनाकारी वाली गोल्डन झुमकी भी बहुत खूबसूरत है। नीले रंग की ये कुंदन की झुमकी सोने की है, जो शादी के बाद हर नई- नवेली दुल्हन के ऊपर बहुत सुंदर लगेगी। इस तरह की झुमकियां अन्य रंगों की भी होती है जो हर ड्रेस के साथ अच्छी लगती है।

# ड्राय स्किन को चाहिए ज्यादा देखभाल, आज़माएं ये तरीके


मेरी स्किन काफी ड्राय है, इसलिए मुझे इसकी ज्यादा देखभाल करनी पड़ती है। दिन भर में कई बार मुझे अपनी स्किन को मॉइश्चराइज़ और हाइड्रेट करना पड़ता है, वरना ये ड्राय हो जाती है और फटने लगती है। मौसम चाहे सर्दी का हो या गर्मी का, सिर्फ मॉइश्चराइज़ेशन स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए काफी नहीं है। ड्राय स्किन को कुछ खास देखभाल की जरूरत होती है। गर्म पानी से नहाना, खुश्क मौसम और केमिकल वाले प्रोडक्ट्स आपकी ड्राय स्किन को और ड्राय बना सकते हैं। ड्राय स्किन पर किया गया मेकअप भी केकी और फ्लेकी नज़र आता है। इसलिए अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो आपको अपने स्किनकेयर पर एक्स्ट्रा ध्यान देना होगा। ऐसे कई आसान तरीके हैं, जिनसे आप अपनी ड्राय स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बना सकते हैं। तो आइए, आज आपको बताते हैं ड्राय स्किन की देखभाल करने के कुछ आसान से टिप्स।

## गुनगुना पानी यूज़ करें



हम शायद ही कभी नहाते या चेहरा धोते वक्त पानी के तापमान पर ध्यान देते हों, लेकिन ये आपकी स्किन को हाइड्रेटेड रखने में अहम भूमिका निभाता है। इसलिए नहाने और चेहरा धोने के लिए बहुत गर्म पानी की जगह गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। गुनगुना पानी आपकी स्किन को और रूखा होने से बचाएगा।

## बिना खुशबू वाला क्लेंज़र यूज़ करें



खुशबू वाले क्लेंज़र में खतरनाक केमिकल होते हैं, जो आपकी स्किन को इरिटेट कर सकते हैं। इसलिए अपने चेहरे और शरीर को साफ करने के लिए जेंटल और बिना खुशबू वाला क्लेंज़र यूज़ करें। ऐसे प्रोडक्ट स्किन की नैचुरल नमी को बरकरार रखते हैं।

## स्किन को सावधानी से सुखाएं


अपनी स्किन को धोने के बाद उसे तौलिए से ज़ोर से रगड़ने के बजाय थपथपाकर सुखाएं। रगड़ने से न सिर्फ स्किन में जलन हो सकती है, बल्कि उसकी नैचुरल नमी और ऑयल भी हट सकता है। साथ ही इससे आपकी स्किन और भी ज्यादा ड्राय हो सकती है।

## नारियल तेल यूज़ करें



नारियल का तेल फैटी एसिड से भरपूर होता है। ये स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है और नमी को सील करता है। ये स्किन को सॉफ्ट और स्मूद भी बनाता है। नहाने के तुरंत बाद या रात को सोने से पहले स्किन पर नारियल का तेल जरूर लगाएं।

## ओटमील मॉइश्चराइज़र यूज़ करें



अगर आपकी स्किन ड्राय, खुजली वाली और सेंसिटिव है, तो ओटमील मॉइश्चराइजर ट्राय करें। ओटमील मॉइश्चराइजर इरिटेटेड और सूजन वाली स्किन को शांत करने में मदद करता है। ये स्किन को यूवी किरणों से बचाने और रेडनेस कम करने में भी मदद करता है।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — योजना फलीभूत होगी। कार्यपद्धति में सुधार होगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। मेहनत सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी से बचें। विवेक का प्रयोग करें।

**वृष** — अध्यात्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का मौका हाथ आएगा। सुख-शांति बने रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल चलेगा। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन** — वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कारोबार से लाभ होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय बनी रहेगी।

**कर्क** — काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। इच्छाशक्ति प्रबल करें। फालतू खर्च होगा।

**सिंह** — डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नए काम हाथ में आएंगे। कारोबारी वृद्धि से प्रसन्नता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कन्या** — नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। नए काम मिल सकते हैं। कार्य से संतुष्टि रहेगी। प्रसन्नता तथा उत्साह का वातावरण बनेगा।

**तुला** — भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुसंगति से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** — राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**धनु** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रसन्नता तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा।

**मकर** — समय पर बाहर से धन नहीं मिलने से निराशा रहेगी। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। नौकरी में अधिकारी अधिक की अपेक्षा करेंगे। मातहतों का साथ नहीं मिलेगा। थकान रहेगी।

**कुंभ** — पुराने साथियों तथा रिश्तेदारों से मुलाकात सुखद रहेगी। अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। किसी नए उपक्रम को प्रारंभ करने पर विचार होगा। लंबी यात्रा की इच्छा रहेगी।

**मीन** — सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सभी काम समय पर होने से प्रशंसा प्राप्त होगी।

# जन्म कुंडली के कुछ विशिष्ट योग एवं इनका फल

### बालारिष्ट योग

चन्द्रमा 5, 7, 8, 12 भाव में हो तथा लग्न पापग्रहों से युत हो तो बालारिष्ट योग बनता है। अथवा चन्द्रमा 12वें भाव में क्षीण हो तथा लग्न व अष्टम में पापग्रह हों, केन्द्र में भी कोई शुभ ग्रह न हो, तो भी बालारिष्ट योग बनता है। बालारिष्ट योग में जातक की मृत्यु बाल्यकाल में ही हो जाती है अथवा बाल्यवस्था में उसे मृत्यु तुल्य कष्ट झेलना पड़ता है।

### मृतवत्सा योग

पंचमेश षष्ठ भाव में गुरू व सूर्य से युक्त हो, तो जातक की पत्नी का गर्भ गिरता रहता है। अथवा मृत संतान पैदा होती है। अतः इसे मृतवत्सा योग कहते है।

### छत्रभंग योग

राहू, शनि व सूर्य में से कोई भी दो ग्रह यदि दशम भाव पर निज प्रभाव ड़ालते हैं और दशमेश सबल न हो तो छत्रंभग योग बनता है। जातक यदि राजा है तो राज्य से पृथक हो जाता है। अन्यथा कार्यक्षेत्र व्यवसाय में अत्यन्त कठिनाइयां व विघ्न आते हैं, तरक्की नहीं हो पाती।

### आडम्बरी राजयोग

कुंडली में समस्त ग्रह अकेले बैठें हो, तो भी जातक को राजयोग के समान ही फल मिलता है। किन्तु यह आडम्बरी होता है।



### विधुत योग

लाभेश परमोच्च होकर शुक्र के साथ हो या लग्नेश केन्द्र में हो तो विधुत योग होता है। इसमें जातक का भाग्योदय विधुतगति से अर्थात अति द्रुतगामी होता है।

**नागयोग :** पंचमेश नवमस्थ हो तथा एकादशेश चन्द्र के साथ धनभाव में हो तो नागयोग होता है। यह योग जातक को धनवान तथा भाग्यवान बनाता है।

### नदी योग

पंचम तथा एकादश भाव पापग्रह युक्त हों किन्तु द्वितीय व अष्टम भाव पापग्रह से मुक्त हों तो नदी योग बनता है, जो जातक का उच्च पदाधिकारी बनाता है।



प्रियंका जैन
9769994439

### विश्वविख्यात योग

लग्न, पंचम, सप्तम, नवम, दशम भाव शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो जातक विश्व में विख्यात होता है। इसे विश्वविख्याति योग कहते है।

**खबर संक्षेप**

## सीएम भजनलाल ने दक्षिण कोरिया में किया रोड शो

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इन दिनों 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 को लेकर दक्षिण कोरिया-जापान दौरे पर हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दक्षिण कोरिया के सियोल में रोड शो किया। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में जल्द ही कई नीतियां लॉन्च होंगी। औद्योगिक नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, MSME नीति और एक जिला-एक उत्पाद नीति लॉन्च कर रहा है। कहा कि राजस्थान राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के माध्यम से विशेष पैकेज और अनुदान प्रदान कर रहा। दरअसल, दक्षिण कोरिया में 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के रोड शो में सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस अवसर पर दक्षिण कोरियाई निवेशकों को मुख्यमंत्री ने राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया। सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि, दक्षिण कोरिया के उद्यमियों के साथ हमारी ऐतिहासिक साझेदारी का नया अध्याय लिखा जाएगा।

## सपा विधायक के आवास पर युवती ने की खुदकुशी

**भदोही।** सपा विधायक जाहिद बेग के आवास पर एक 18 वर्षीय युवती नाजिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। नाजिया विधायक के आवास पर तीसरी मंजिल के एक कमरे में रहती थी। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के दौरान विडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है ताकि पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच हो सके। इसके लिए दो डॉक्टरों की एक पैनल बनाई गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के असल कारणों का पता चल सकेगा। इस घटना के बाद विधायक के आवास और आसपास के इलाके में गहरी चिंता और शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

## दिनदहाड़े युवक के सिर में गोली मारकर हत्या

**सिवान।** सिवान में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक की गोली मार हत्या कर दी है। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना सोमवार की है। शव को देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि यह हत्या आपसी विवाद में हुई है। मृतक की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के निवासी लल्लू उर्फ तक्की के रूप में की गई है। बता दें कि लल्लू घर से शहर आ रहा था उसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी में 69000 शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है जिसने नए सिरे से आरक्षण के प्रावधान के मुताबिक मेरिट लिस्ट बनाने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद से राज्य में इस फैसले का फायदा और नुकसान उठाने वाले लोग आंदोलन कर रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ कुछ कैंडिडेट सुप्रीम कोर्ट गए थे जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट अब 25 सितंबर को मामले की अगली सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट के आदेश से पुराने शिक्षक तनाव में आ गए हैं जबकि दावेदार अभ्यर्थियों की उम्मीद जग गई है।

### यूपी में 69000 शिक्षक भर्ती





### 2018 में हुई थी 69000 शिक्षक भर्ती

69000 शिक्षक भर्ती दिसंबर 2018 में शुरू हुई थी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की 28 जून 2018 की अधिसूचना के बाद इस भर्ती में बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को अवसर मिला था। लिखित परीक्षा होने के बाद सरकार ने अनारक्षित वर्ग के लिए 65 एवं आरक्षित वर्ग के 60 फीसदी उत्तीर्ण अंक निर्धारित किया था। इसके विरोध में शिक्षामित्रों ने हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दायर की थी। एकल पीठ ने स्पष्ट किया था कि परीक्षा के बाद उत्तीर्ण अंक निर्धारित नहीं किया जा सकता है। 68500 शिक्षक भर्ती में 45 एवं 40 फीसदी उत्तीर्ण अंक निर्धारित था, वही 69000 शिक्षक भर्ती के लिए भी रहेगा। एकल पीठ के निर्णय को बीएड एवं बीटीसी अभ्यर्थियों ने डबल में चुनौती दी थी। डबल बेंच ने एकल पीठ के फैसले को निरस्त करते हुए 65 एवं 60 फीसदी उत्तीर्ण अंक को सही ठहराया। जिसके खिलाफ शिक्षामित्रों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अंतिम आदेश में सरकार की ओर से निर्धारित 65 एवं 60 फीसदी अंक को बहाल रखा।

### क्या था हाई कोर्ट का आदेश ?

69000 शिक्षक भर्ती मामले में लखनऊ बेंच हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 की 1 जून 2020 को जारी चयन सूची व 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को दरकिनार कर नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने इस सम्बंध में 13 मार्च 2023 के एकल पीठ के आदेश को संशोधित करते हुए यह भी फैसला दिया था कि सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित मेरिट में आने पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को सामान्य श्रेणी में ही माइग्रेट किया जाएगा। हाईकोर्ट ने आदेश में यह भी कहा था कि हमारे द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार दिए जाने वाले ऊर्ध्वाधर आरक्षण का लाभ, क्षैतिज आरक्षण को भी देना होगा। साथ ही कोर्ट ने इसी भर्ती परीक्षा के क्रम में आरक्षित वर्ग के अतिरिक्त 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज करने के एकल पीठ के निर्णय में कोई हस्तक्षेप न करते हुए तीन माह में नई सूची जारी करने की कार्रवाई पूरी करने का आदेश दिया था। कोर्ट कहा था कि नई सूची तैयार करने के दौरान अगर वर्तमान में कार्यरत कोई अभ्यर्थी प्रभावित होता है तो उसे सत्र का लाभ दिया जाए ताकि छात्रों की पढ़ाई पर असर न पड़े। यह निर्णय न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने महेंद्र पाल व अन्य समेत 90 विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया था। उक्त अपीलों में एकल पीठ के 13 मार्च 2023 के निर्णय को चुनौती दी गई थी जिसमें एकल पीठ ने 69000 अभ्यर्थियों की चयन सूची पर पुनर्विचार करने के साथ-साथ 6800 अभ्यर्थियों की 5 जनवरी 2022 की चयन सूची को खारिज कर दिया था।

# रद्द हो सकती है 121 स्कूलों की मान्यता

### शिक्षा विभाग ने भेजा नोटिस

**एजेंसी । पटना**

बिहार में शिक्षा विभाग इन दिनों सख्त रूप में है। आए दिन किसी भी तरह की लापरवाही पर तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। इसी क्रम में बिहार के नालंदा जिला में बड़ा एक्शन लिया जा सकता है। ऐसा बताया जा रहा है कि नालंदा में 121 स्कूलों ने शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन नहीं किया है। जिसकी वजह से मान्यता रद्द की जा सकती है। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर छात्रों की एंट्री नहीं करने पर इन स्कूलों को शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस भेजा गया है।

### नोटिस जारी कर दो दिनों का दिया गया है वक्त



बता दें कि नालंदा में कुल 639 रजिस्टर्ड प्राइवेट स्कूल संचालित हैं जिसमें से 121 निजी विद्यालयों की ओर से ई-शिक्षाकोष पर एक भी छात्र की एंट्री नहीं की गई है। ऐसे में अब 121 विद्यालयों को नोटिस भेजा गया है। विद्यालयों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं पाया गया तो मान्यता रद्द हो सकती है। जानकारी के मुताबिक डाटा एंट्री करने को लेकर आज 09 सितंबर से दो दिन का वक्त दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि बच्चों की एंट्री जल्द की जाए नहीं तो स्वीकृति रद्द करने की अनुशंसा कर निदेशालय को चिट्ठी भेज दी जाएगी। अभी तक 35 प्रतिशत बच्चों की हीं एंट्री की गई है।

### शिक्षा विभाग ने कहा, प्राचार्य गाइडलाइन का करें पालन

बता दें कि ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर डाटा एंट्री करने को लेकर प्राचार्यों को गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा गया है। शिक्षा विभाग ने कहा है कि निजी स्कूलों के प्राचार्य अनदेखी कर रहे है। जिसकी वजह से डाटा एंट्री नहीं की जा रही है। चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सभी बच्चों की एंट्री जल्द पूरा की जाए वरना चिह्नित निजी विद्यालयों की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## पुलिस रेसिलंग क्लस्टर का उद्घाटन

**प्रयागराज।** 73वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर-2024 के उद्घाटन समारोह में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा में खेल और खेल-कूद की गतिविधियों को महत्व दिया गया है। धर्म के जितने भी साधन हैं वह स्वस्थ्य शरीर से ही संभव हैं और स्वस्थ शरीर के लिए खेल-कूद की क्रियाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद अपने अनेक कार्यक्रम विकसित भारत की संकल्पना के लिए प्रस्तुत किए थे।

## कल्पना सोरेन ने गांडेय को तीन सड़कों की दी सौगात

### सात करोड़ से बदलेगी सूरत

**एजेंसी । गांडेय**

गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में थीं। उन्होंने तीन सड़कों की सौगात दी। सात करोड़ से अधिक की राशि से इन सड़कों का निर्माण कराया जाएगा। सड़कों की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि सड़क और पुल की कमी को पहले दूर करना है। उन्हें कम समय मिल रहा है। सिर्फ काम और विकास पर उनका ध्यान केंद्रित है। सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की उम्र अब 18 वर्ष कर दी है। जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें मौका दिया है, उस पर खरा उतरने का वह प्रयास कर रही हैं। गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को मोहलीडीह होते हुए बुचादह तक 3.6 किलोमीटर सड़क का शिलान्यास किया। इसकी प्राक्कलित राशि 3.42 करोड़ है। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत (बदगुन्दा सर बेड़िया नदी पुल तक) 1.65 किलोमीटर सड़क (प्राक्कलित राशि 1 करोड़ 60 लाख) निर्माण एवं गगनपुर से गम्हरिया टांड़ मस्जिद होते हुए राणा टांड़ मोड़ तक 2.35 किमी सड़क (प्राक्कलित राशि 2.17 करोड़) का शिलान्यास किया।

# टाटा स्टील में हो गया समझौता

### 4 लाख रुपए तक मिलेगा बोनस, 13 को अकाउंट में आएंगे पैसे

**एजेंसी । जमशेदपुर**

टाटा स्टील के कर्मचारियों पर धनवर्षा का वक्त आ गया है। जी हां। टाटा स्टील में बोनस समझौता हो गया है। इस बार कर्मचारियों के खाते में 4 लाख रुपए तक बोनस आएगा। सोमवार को बोनस समझौता पर हस्ताक्षर हो गया।



### 26479 कर्मचारियों को मिलेगा बोनस

पहले से तय फार्मूला के तहत कर्मचारियों को कंपनी के 11275 ।09 करोड़ रुपए के बदले 169 ।13 करोड़ रुपए, प्रोफिटेबिलिटी पर 49 ।0 करोड़ रुपए, प्रोडक्टिविटी पर 80 करोड़ रुपए और एलटीआइएफआर पर 5 ।0 करोड़ रुपए मिले। यह बोनस टाटा स्टील के देश भर में फैले 26479 कर्मचारियों के बीच बंटेगा।

### टाटा स्टील और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच हुआ समझौता

टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन और टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी टुन्नू ने बोनस समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। यह त्रिस्तरीय समझौता है, जिसमें जमशेदपुर के डीएलसी राजेश प्रसाद भी मौजूद थे। इसके तहत कर्मचारियों को इस साल बोनस के मद में 303 ।13 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### 13 सितंबर को कर्मचारियों के अकाउंट में आ जाएंगे पैसे

बोनस की राशि का वितरण 13 सितंबर को किया जायेगा। सारे कर्मचारियों के अकाउंट में पैसे भेज दिये जाएँगे। जमशेदपुर में 11,654 कर्मचारियों के बीच बोनस की राशि का वितरण होगा। इसके तहत कुल 168 ।64 करोड़ रुपए बोनस के तौर पर बंटेगा।

# धारदार हथियार से महिला की हत्या

### परिजनों ने पति पर लगाया आरोप

**एजेंसी । मेदिनीनगर**

मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला के टिलहा टोला की 50 वर्षीय सायरा बानो की धारदार हथियार से रविवार देर रात हत्या कर दी गयी। परिजनों का कहना है कि हत्या उसके पति साहबु अंसारी ने की है।

### पति-पत्नी में काफी दिनों से चल रहा था विवाद

पति-पत्नी में काफी दिनों से विवाद चल रहा था। पति काफी दिनों से बाहर रह रहा था। कुछ दिनों पहले वह घर लौटा था। पति सहाबू ने पत्नी को चेहरा, गला और हाथ पर कई जगह वार किया है। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया था। इस घटना के बाद वह इतनी ज्यादा घायल हो गई कि सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर में एमएमसीएच में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मृतक के पुत्र ने अपने पिता पर किया केस

इस मामले में मृतक के पुत्र फैयाज अंसारी ने अपने पिता सहाबू अंसारी सहित परिवार के सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। बताया जाता है कि सहाबू अंसारी बाहर से लौटने के बाद अपने चचेरे भाई के घर में ही रह रहा था। घटना के बाद आरोपी फरार है। घटना के कारण जमीन का विवाद बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि सहाबू अंसारी अपने चचेरे भाई को मकान और जमीन लिखना चाहते थे।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स 375 अंक चढ़कर 81,559 पर बंद

### निफ्टी में भी 84 अंक की तेजी रही, FMCG और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त

**एजेंसी । मुंबई**

शेयर बाजार में 9 सितंबर को बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 375 अंक की तेजी के साथ के 81,559 स्तर पर कारोबार बंद हुआ। इसके 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में गिरावट रही। निफ्टी में भी 84 अंक की तेजी रही। ये 24,936 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 50 के 26 शेयर्स में गिरावट और 24 में तेजी देखने को मिली है। आज FMCG और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बढ़त रही।



**गाला प्रिसिजन का शेयर 48% चढ़ा :** गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर NSE पर 36.3% प्रीमियम के साथ 721.1 रुपए पर लिस्ट हुआ। वहीं BSE पर 41.8% प्रीमियम के साथ 750 रुपए पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के बाद इसमें और तेजी देखने को मिली। BSE पर ये 258.45 रुपए (48.86%) बढ़कर 787.45 रुपए पर बंद हुआ। इश्यू प्राइस 529 रुपए था।

### एशियाई बाजार में रही गिरावट

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.48% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 1.42% की गिरावट देखने को मिली। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट 1.06% और कोरिया का कोस्पी 0.33% गिरकर बंद हुआ। ICICI बैंक, ITC, HDFC बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और कोटक बैंक ने बाजार को ऊपर खींचा। वहीं टेक महिंद्रा, ONGC, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, इंफोसिस, रिलायंस और पावर ग्रिड ने बाजार को नीचें खींचा। 6 सितंबर को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.54% गिरकर 40,755 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डैक 0.25% चढ़ा, ये 17,127 के स्तर पर बंद हुआ। S&P500 0.30% की गिरावट के साथ 5,503 पर बंद हुआ।

# गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग का शेयर 48% चढ़कर ₹787 पर बंद

**एजेंसी । मुंबई**

गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर आज यानी 9 सितंबर को NSE पर 36.3% प्रीमियम के साथ 721.1 रुपए पर लिस्ट हुआ। वहीं BSE पर 41.8% प्रीमियम के साथ 750 रुपए पर लिस्ट हुआ। लिस्टिंग के बाद इसमें और तेजी देखने को मिली। BSE पर ये 258.45 रुपए (48.86%) बढ़कर 787.45 रुपए पर बंद हुआ। इश्यू प्राइस 529 रुपए था। कंपनी ने IPO का इश्यू का प्राइस बैंड 529 रुपए तय किया था। गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग ने इस इश्यू के जरिए टोटल 167.93 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसके लिए कंपनी 135.34 करोड़ के 2,558,416 फ्रेश शेयर इश्यू किया था। वहीं कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 32.59 करोड़ के 616,000 शेयर बेचे थे। यह IPO 2 सितंबर से 4 सितंबर तक निवेशकों के लिए ओपन था। तीन कारोबारी दिनों में यह IPO टोटल 201 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

### इश्यू का 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व था

कंपनी ने इश्यू का 50% हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) के लिए रिजर्व रखा था। इसके अलावा 35% हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15% हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) के लिए रिजर्व थी।




### गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग की स्थापना फरवरी 2009 में हुई थी

गाला प्रिसिजन इंजीनियरिंग लिमिटेड की स्थापना फरवरी 2009 में हुई थी। कंपनी डिस्क और स्ट्रिप स्प्रिंग्स (DSS), कॉइल और सर्पिल स्प्रिंग्स (CSS) और स्पेशल फास्निंग सॉल्यूशन (SFS) जैसे प्रिसीजन कॉम्पोनेंट्स बनाती है। कंपनी के प्रोडक्ट इलेक्ट्रिकल, ऑफ-हाइवे इक्विपमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर और जनरल इंजीनियरिंग के साथ ऑटोमोटिव और रेलवे में इस्तेमाल किए जाते हैं। कंपनी ने जर्मनी, डेनमार्क, चीन, इटली, ब्राजील, अमेरिका, स्वीडन और स्विट्जरलैंड सहित कई देशों में टेक्निकल स्प्रिंग्स और हाई टेंसाइल फास्नर्स सप्लाई करती है।

# चांदी ₹2,456 गिरकर ₹80,882 प्रति किलो पर आई

### सोने में भी ₹739 की गिरावट, ये ₹71,192 प्रति 10 ग्राम बिक रहा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 9 सितंबर को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, सोमवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 739 रुपए गिरकर 71,192 रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसके दाम 71,931 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं चांदी 2,456 रुपए गिरकर 80,882 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 83,338 रुपए प्रति किलो पर थी। इस साल सोना मई में 74,222 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।



### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,950 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,020 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,870 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 66,800 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 72,870 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 66,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 72,870 रुपए है।

# पीएफसी, कॉनकॉर और राइट्स ने लाभांश किश्त के 712 करोड़ सरकार को दिए

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) और राइट्स लिमिटेड ने लाभांश किश्त के रूप में करीब 172 करोड़ रुपए दिए हैं। इन कंपनियों में पीएफसी ने करीब 601 करोड़ रुपए, कॉनकॉर ने 68 करोड़ रुपए और राइट्स लिमिटेड ने 43 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोकसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी), कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकॉर) तथा राइट्स लिमिटेड से लाभांश किश्त के रूप में क्रमशः लगभग 601 करोड़ रुपए, 68 करोड़ रुपए और 43 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इस तरह कुल मिलाकर सरकार को लाभांश किश्तों के रूप में करीब 172 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं।

Power Finance Corporation Ltd.
(A Government of India Undertaking)
An ISO 9001:2015 & ISO 45001:2018 Certified Company

कॉनकॉर CONCOR

RITES THE INFRASTRUCTURE PEOPLE

यूएस ओपन : साल के चौथे ग्रैंड स्लैम के खिताब मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को शिकस्त दी | यूएस ओपन जीतने वाले इटली के दूसरे खिलाड़ी बने

# इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी सिनेर की बादशाहत

एजेंसी । न्यूयॉर्क

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर ने यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम में अपनी बादशाहत कायम कर दी है। उन्होंने रविवार देर रात पुरुष एकल के खिताबी मुकाबले में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को शिकस्त देकर पहला यूएस ओपन खिताब अपने नाम कर लिया।



### लगातार सेट में जीत मिली

आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए साल के चौथे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में करीब सवा दो घंटे चले मुकाबले में 23 वर्षीय सिनेर ने फ्रिट्ज को लगातार तीन सेटों में 6-3, 6-4, 7-5 से हराकर ताज पर कब्जा किया। इसी के साथ वह यूएस ओपन जीतने वाले इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले वर्ष 2015 में इटली की फ्लाविया पैनेटा यहां महिला एकल का खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी थीं। 2018 में प्रोफेशनल करियर शुरू करने वाले सिनेर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन भी जीता था। उन्होंने अभी तक कुल 16 एकल खिताब जीते हैं।

### शुरू से दबदबा बनाया

सिनेर ने मैच में शुरू से दबदबा बनाए रखा और दर्शकों के चहेते फ्रिट्ज को कोई मौका नहीं दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने हालांकि तीसरे सेट में कड़ी चुनौती पेश की। इस सेट में एक समय स्कोर 3-3 से बराबर था। सिनेर ने यहां पर डबल फॉल्ट किया जिसका फायदा उठाकर फ्रिट्ज 4-3 से आगे हो गए। इटली के खिलाड़ी ने हालांकि वापसी करने में देर नहीं लगाई तथा यह सेट और मैच जीतकर पहली बार यूएस ओपन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

### डोपिंग से हुए थे दोषमुक्त

पिछले दिनों सिनेर डोपिंग मामले में दोष मुक्त हुए थे। असल में दुनिया को 20 अगस्त को पता चला कि सिनेर को इस साल मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए आठ दिनों के अंतराल में दो बार पॉजिटिव पाया गया था लेकिन वह यह साबित करने में सफल रहे कि उन्होंने अनजाने में इसका उपयोग किया था जिसके कारण उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई थी।

"मेरे लिए यह ट्रॉफी काफी मायने रखती है क्योंकि मेरे करियर का पिछला कुछ समय काफी मुश्किल भरा था। शुक्रिया न्यूयॉर्क, दो सप्ताह के शानदार प्रदर्शन के बाद यहां अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम जीतना विशेष रहा। समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद।
-यानिक सिनेर

"यूएस ओपन के फाइनल में किसी अमेरिकी का होना अविश्वसनीय है। मुझे पूरे सप्ताह दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मैं जानता हूं कि हम लंबे समय से चैंपियन का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए मुझे अफसोस है कि मैं इस बार यह इंतजार खत्म नहीं कर पाया। लेकिन मैं अपना प्रयास जारी रखूंगा और उम्मीद है कि अगले साल इसे खत्म करने में सफल रहूंगा।
-टेलर फ्रिट्ज

### नंबर गेम

- 02 ग्रैंड स्लैम खिताब अब हो गए हैं सिनेर के खाते में
- 06 साल के प्रोफेशनल करियर में दूसरा ग्रैंड स्लैम जीता
- 02 सेट गंवाए खिताबी सफर के दौरान, सात मुकाबलों में
- 21 बार अब तक ग्रैंड स्लैम मुकाबलों में ले चुके हिस्सा
- 02 बार ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में भी बाहर हो चुके

### अमेरिका का इंतजार बढ़ा

टेलर फ्रिट्ज की हार के साथ ही वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा अमेरिका इंतजार बढ़ गया है। इससे पहले एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे जिन्होंने यूएस ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। वह 2009 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी थे।

### बेसलाइन पर मजबूत खेल

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनेर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 12वीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया। फ्रिट्ज के पास 21 साल बाद ट्रॉफी उठाने वाले अमेरिकी खिलाड़ी बनने का मौका था लेकिन फाइनल में उनकी सिनेर के सामने एक नहीं चली जिससे दर्शक काफी मायूस हुए।

# पंत की टेस्ट टीम में वापसी, यश नया चेहरा

- बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित
- 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला

**मुंबई।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की 20 माह बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज बुमराह भी टी-20 विश्व कप के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। वहीं यश दयाल को पहली बार टीम में जगह दी गई है। अजीत अगरकर की अगुआई वाली भारतीय चयन समिति ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित की। दो मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होगा। दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से एक अक्तूबर तक कानपुर में खेला जाएगा। भारतीय टीम का यह मार्च के बाद पहला टेस्ट होगा।

### दयाल को मिला शानदार प्रदर्शन का इनाम

उत्तर प्रदेश के इलाहबाद के 26 वर्षीय यश को घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दलीप ट्रॉफी में भारत बी की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने चार विकेट चटकाए। यश अब तक 24 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 2.98 की इकोनॉमी से 76 विकेट चटकाए हैं।

### टीम में चार बदलाव

साल के शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की सीरीज खेलने वाली भारतीय टीम में चार बदलाव किए गए हैं। इनमें विराट कोहली, केएल राहुल और पंत की वापसी हुई है। वहीं यश को पहली बार मौका दिया गया है। कोहली पारिवारिक कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सके थे। जबकि पंत और राहुल चोटिल थे। भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार होने के बाद पंत ने इसी साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी। उसके बाद वह टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम के भी सदस्य रहे। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट मुकाबला दिसंबर 2022 में मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ ही खेला था।



# सुखजीत के 'डबल' से भारत की लगातार दूसरी जीत



**हुलुनबुइर (चीन)।** लगातार दो दिन में दो मैच और दोनों में जीत। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले दिन भारत ने चीन को 3-0 से हराया था। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे। मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनाल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत ने दूसरे मिनट में ही सुखजीत के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त ली। सर्कल के दाईं ओर खड़े संजय ने क्रॉस किया जिसे सुखजीत ने तेजी से डिफ्लेक्ट कर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

न्यूजीलैंड-अफगान टेस्ट

### गीली आउटफील्ड से पहले दिन का खेल रद्द



**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के शुरुआती दिन सोमवार को यहां गीली आउटफील्ड के कारण खेल संभव नहीं हो सका। मैच अधिकारियों ने दिन भर कई बार निरीक्षण किया लेकिन परिस्थितियां खिलाड़ियों के मैदान में उतरने के उपयुक्त नहीं थीं। सोमवार को बारिश नहीं हुई लेकिन आधुनिक ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था के अभाव के कारण पिछले सप्ताह भारी बारिश से मैदान प्रभावित हुआ। 2017 में टेस्ट का दर्जा मिलने के बाद अफगानिस्तान का न्यूजीलैंड से यह पहला टेस्ट है। न्यूजीलैंड के लिए यह इस साल मार्च के बाद पहला टेस्ट है। टीम को उपमहाद्वीप के मौजूदा दौरे पर छह टेस्ट खेलने है जिनमें श्रीलंका के खिलाफ दो और भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज भी शामिल है।

### सैफ चैंपियनशिप के लिए पाक खिलाड़ियों को मिला वीजा



**लाहौर।** भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई रवाना हो गया। एक अधिकारी ने शनिवार को वीजा मिलने की पुष्टि करते हुए कहा, पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और विमान से चेन्नई पहुंचेंगे। बाद में प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि पाक दल वाघा सीमा पर पहुंच गया है। एएफआई ने टीम की तस्वीर के साथ ट्वीट किया, पाकिस्तान की जूनियर एथलेटिक्स टीम और अधिकारी आज अमृतसर में वाघा सीमा पर पहुंचे। खिलाड़ी 11 से 13 सितंबर तक चेन्नई में होने वाली सैफ जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

# 'कन्नप्पा' से अक्षय की पहली झलक आई सामने

अक्षय कुमार ने 9 सितम्बर को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर उनके प्रशंसकों को एक के बाद तोहफे मिल रहे हैं। जहां एक तरफ उनकी नई फिल्म 'भूत बंगला' का ऐलान हो गया है, वहीं अब अक्षय की पहली तेलुगु फिल्म 'कन्नप्पा' से उनकी पहली झलक सामने आ गई है। इस फिल्म में वह भगवान शिव की भूमिका में नजर आएंगे। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए अक्षय को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दी हैं।

'कन्नप्पा' में विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास, मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी इसमें दिखाई देंगी।

मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में बन रही यह फिल्म दिसंबर, 2024 में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। 'कन्नप्पा' की कहानी छठीं और आठवीं शताब्दी के दौरान भगवान शिव के एक प्रबल भक्त के इर्द-गिर्द घूमेगी। मोहन बाबू इस फिल्म के निर्माता हैं।



# शादी के 15 साल बाद जुदा हुईं जयम रवि और आरती की राहें

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता जयम रवि इन दिनों अपनी पेशेवर जिंदगी से कहीं ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।

पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि जयम शादी के 15 साल बाद अपनी पत्नी आरती रवि से तलाक लेने जा रहे हैं। अब जयम ने खुद एक बयान जारी आरती से अलग होने की खबरों पर मुहर लगा दी है। इसके साथ उन्होंने प्रशंसकों से निजता का अनुरोध किया है।

जयम ने लिखा, 'मैं हमेशा अपने प्रशंसक और मीडिया के साथ पारदर्शी और ईमानदार रहा हूं। बहुत भारी मन से मैं आपके साथ एक बात साझा करने जा रहा हूं। काफी सोच-विचार, विचार-विमर्श और चर्चा के बाद मैंने आरती के साथ शादी को खत्म करने का फैसला लिया है। निजी कारणों की वजह से यह फैसला लिया गया है। यह हम दोनों के लिए सही है।' बता दें कि जयम और आरती ने 2009 में शादी की थी।



# 'भूत बंगला' का ऐलान

अक्षय कुमार आज यानी 9 सितंबर को अपना 57वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उन्होंने अपने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है। दरअसल, अक्षय ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म के शीर्षक से भी पर्दा उठ गया है। इस फिल्म का नाम 'भूत बंगला' रखा गया है। फिल्म ने अक्षय की पहली झलक भी सामने आ गई है, जिसमें वह कटोरी से दूध पीते नजर आ रहे हैं। 'भूत बंगला' के निर्देशन की कमान प्रियदर्शन ने संभाली है। अक्षय ने मोशन पोस्टर साझा करते हुए लिखा,




'मेरे जन्मदिन पर हर साल आपके प्यार के लिए धन्यवाद। इस साल का जश्न 'भूत बंगला' के पहले लुक के साथ मना रहा हूं। मैं 14 साल बाद फिर से प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस यात्रा को आप सभी के साथ साझा करने का इंतज़ार नहीं कर सकता। बने रहें।' अक्षय और प्रियदर्शन 14 साल बाद फिर से साथ आए हैं। एकता कपूर इस फिल्म का निर्माण कर रही हैं। फिल्म की कहानी काले जादू पर आधारित बताई जा रही हैं।



# आयुष्मान खुराना ने गाया भोजपुरी गाना 'लॉलीपॉप लागेलू

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आयुष्मान को भोजपुरी का लोकप्रिय गाना 'लॉलीपॉप लागेलू' गाते हुए देखा जा सकता है। दरअसल, हाल ही में आयुष्मान पटना के AIIMS पहुंचे थे, जहां उन्होंने 'लॉलीपॉप लागेलू' पर प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। वीडियो में आयुष्मान को ऊर्जा के साथ भोजपुरी गीत गाते और थिरकते हुए देखा जा सकता है। आयुष्मान ने अब तक कई लोकप्रिय गीतों को अपनी आवाज दी है। उन्होंने 'पानी दा रंग', 'साडी गली आजा', 'मिट्टी दी खुशबू', 'नज्म नज्म', और 'मेरे लिए तुम काफी हो' जैसे शानदार गाने गाए हैं। उनके इन गानों को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है।

दो बजे दोपहर



# नेटफ्लिक्स के खिलाफ ANI ने दायर किया मुकदमा

## वेब सीरीज के 4 एपिसोड से वीडियो फुटेज हटाने की मांग

एजेंसी । नई दिल्ली

न्यूज एजेंसी ANI ने नेटफ्लिक्स और वेब सीरीज़ 'IC-814: द कंधार हाईजैक' के निर्माताओं के खिलाफ सोमवार को एक मुकदमा दायर किया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बिना अनुमति के ANI के कंटेंट का इस्तेमाल किया। यह वेब सीरीज़ 1999 में इंडियन एयरलाइंस की उड़ान संख्या 814 के अपहरण की घटना पर आधारित है। वेब सीरीज 29 अगस्त को रिलीज हो चुकी है, जो कि पहले ही कैरेक्टर्स के नामों समेत कई अन्य विवादों में घिरी हुई है।



### कंट्रोवर्सी से ANI के ट्रेडमार्क और ब्रांड इमेज को नुकसान: ANI

ANI के वकील सिद्धांत कुमार के मुताबिक, न्यूज एजेंसी ने नेटफ्लिक्स से 4 एपिसोड हटाने की मांग की है, जिनमें ANI के कॉपीराइट आर्काइवल फुटेज का गैर-कानूनी तरीके से इस्तेमाल किया गया है। वकील ने आगे कहा कि यह वेब सीरीज की कंट्रोवर्सी ANI के ट्रेडमार्क और ब्रांड इमेज का नुकसान पहुंचा रहा है।

### नेटफ्लिक्स का दावा- फुटेज के लिए 2 कंपनियों को रुपए दिए

इस मामले में 2021 में वेब सीरीज के निर्माता ने ANI से फुटेज के इस्तेमाल की अनुमति के लिए संपर्क किया था, लेकिन तब कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ था। न्यूज एजेंसी ANI ने स्पष्ट किया है कि वह इस वेब सीरीज़ से किसी भी प्रकार का संबंध नहीं रखना चाहती है। दूसरी ओर, नेटफ्लिक्स के एक निर्माता के वकील ने कहा कि फुटेज 2 कंपनियों से खरीदी गई है, जिसके लिए 1 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के लिए नेटफ्लिक्स से जवाब मांगा है।

### आतंकियों के कोड नेम हिंदू दिखाने पर विवाद

गौरतलब है कि 'IC-814: द कंधार हाईजैक' सीरीज को पहले ही सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों से आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसमें दावा किया गया था कि अपहरणकर्ताओं को गलत तरीके से हिंदू नामों के साथ दिखाया गया है, जबकि असल में वे मुस्लिम थे। इस विवाद को लेकर नेटफ्लिक्स ने भारत के सूचना और प्रसारण मंत्रालय को पिछले हफ्ते बताया था कि उसने 6 एपिसोड वाली सीरीज में नए अस्वीकरण जोड़े हैं। नेटफ्लिक्स ने साफ किया है कि वेब सीरीज में आतंकियों के कोड नेम वास्तविक घटना में इस्तेमाल किए गए कोड नेम से लिए गए हैं।

### भारत ने छोड़े थे मसूद अजहर समेत 3 आतंकी



बता दें कि दिसंबर 1999 में विमान अपहरण के लिए भारत, पाकिस्तान और वहां के आतंकवादी समूहों को जिम्मेदार मानता है, तब प्लेन में सवार आतंकी इसे हाईजैक कर काठमांडू से कंधार ले गए थे। यह बंधक संकट आतंकियों की रिहाई के साथ खत्म हुआ था। तब सरकार ने पाकिस्तानी दहशतगर्द मसूद अजहर समेत तीन टेररिस्ट को छोड़ा था।

# क्राउन प्रिंस के साथ PM मोदी की द्विपक्षीय वार्ता

## न्यूक्लियर एनर्जी, गैस सप्लाई और फूड पार्क के लिए करार

एजेंसी । नई दिल्ली

अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। सोमवार (9 सितंबर) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच न्यूक्लियर एनर्जी, लिक्विड नेचुरल गैस सप्लाई, गुजरात में फूड पार्क विकसित करने को लेकर करार हुए। इस बैठक से दोनों देशों के संबंधों को और मजबूती मिलेगी और व्यापक रणनीतिक साझेदारी नए आयाम हासिल करेगी।



### द्विपक्षीय बैठक में 2 कैबिनेट मंत्री और NSA भी रहे मौजूद

क्राउन प्रिंस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आधिकारिक यात्रा के लिए न्यौता दिया था। यह उनकी क्राउन प्रिंस के रूप में पहली दिल्ली यात्रा है। इस दौरान यूएई के शीर्ष मंत्रियों और कारोबारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी उनके साथ भारत आया है, जो दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के साथ हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्विपक्षीय वार्ता में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजित डोभाल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### भारत में फूड प्रोसेसिंग और एग्रीकल्चर सेक्टर में बढ़ेगा निवेश

- वार्ता के दौरान भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने बाराकाह न्यूक्लियर पावर प्लांट के संचालन और रखरखाव के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता एमिरेट्स न्यूक्लियर एनर्जी कंपनी और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के बीच हुआ।
- इसके अलावा अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (ADNOC) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच लिक्विड नेचुरल गैस (LNG) की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए भी एक समझौता किया गया, जो भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा।
- साथ ही गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंटल होल्डिंग कंपनी के बीच भारत में फूड पार्क विकसित करने के लिए एमओयू साइन किया गया। यह समझौता भारत में फूड प्रोसेसिंग और एग्रीकल्चर सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए अहम साबित होगा।

# हरियाणा में आप-कांग्रेस का नहीं होगा गठबंधन

## आप ने 20 उम्मीदवारों का किया ऐलान

एजेंसी । चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन नहीं हो सका। कल सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि आप ने कांग्रेस के 4+1 का फॉर्मूला स्वीकार कर लिया और दोनों के बीच गठबंधन पर मुहर भी लग गई है, लेकिन आज खबर आ रही है कि आम आदमी पार्टी ने 20 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है, इससे साफ हो गया कि आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होने वाला है। आप हरियाणा प्रमुख सुशील गुप्ता ने यह भी ऐलान कर दिया कि आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली है।



### आप कांग्रेस से 10 सीटों की कर रही थी मांग

आम आदमी पार्टी कांग्रेस से 10 सीटों की मांग कर रही थी। लेकिन कांग्रेस आप को सिर्फ 3 सीटें देना चाह रही थी, इसी कारण से इस पर सहमति नहीं बन सकी। कल आप सांसद राघव चड्ढा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर कहा था कि जो भी होगा, फैसला हरियाणा के हित में होगा। उन्होंने कहा था कि नामांकन भरने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है, हम उससे पहले फैसला ले लेंगे। अब आज यानी 9 सितंबर को आप के सूची जारी करने के साथ ही यह भी तय हो गया कि कांग्रेस और आप अलग-अलग चुनावी दंगल में उतरने वाले हैं।

### राहुल गांधी ने रखा था गठबंधन का प्रस्ताव

बता दें कि आप ने जिन 20 कैंडिडेट का लिस्ट जारी किया है, उनमें से 11 प्रत्याशी कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ है। दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन को लेकर प्रस्ताव पहले कांग्रेस की ओर से रखा गया था, राहुल गांधीके प्रस्ताव को आप ने भी स्वीकार की और बातचीत आगे बढ़ाई। दोनों के बीच 2 बार मीटिंग भी हुई, लेकिन फिर भी बातचीत फाइनल नहीं हो सकी। कांग्रेस नेता दीपक बाबरिया ने कल यानी 8 सितंबर को कहा था कि ऐसा लगता है कि आप ने हमारी बात मान ली है। लेकिन आप ने कांग्रेस की बात नहीं मानी और 20 कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर दी।

### दोनों पार्टी के कई नेता थे गठबंधन के खिलाफ

आप और कांग्रेस के हाईकमान भले ही हरियाणा चुनाव के लिए गठबंधन करना चाह रहे थे, लेकिन दोनों पार्टियों के कई नेता नहीं चाह रहे थे कि ये गठबंधन हो। हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला भी इस गठबंधन के खिलाफ थे, उन्होंने कहा था कि कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने के लिए सक्षम है, हमें किसी सहायक पार्टी की आवश्यकता नहीं है। इसके अलावा आप नेता सोमनाथ भारती भी कांग्रेस से गठबंधन करना नहीं चाहते थे।

# मुख्यमंत्री सचिवालय, राजभवन के बाहर छात्रों का प्रदर्शन





**इंफाल।** मणिपुर में राज्यपाल और DGP के इस्तीफे की मांग कर रहे स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सोमवार को हिंसक हो गया। सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने राजभवन के मुख्य दरवाजे पर पत्थर फेंके। इस दौरान मौजूद सुरक्षाकर्मी अपनी जान बचाकर वहां से भागते दिखे। इस हमले में 20 लोग जख्मी हुए हैं। राज्य में बढ़ती हिंसक घटनाओं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर 8 सितंबर से ही छात्र सड़कों पर हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और CM हाउस तक पहुंच गए।

# सूरत में गणेश पंडाल पर पथराव, 28 गिरफ्तार

एजेंसी । सूरत

गुजरात के सूरत शहर में गणपति उत्सव के दौरान कुछ नाबालिगों ने कथित रूप से एक पंडाल में पथराव से भगवान गणेश की मूर्ति खंडित हो गई। इससे हिंसा भड़क गई और पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अब तक 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। सैयदपुरा में रविवार देर रात घटी इस घटना के सिलसिले में नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। इसके बाद करीब 300 लोगों ने लालगेट थाने का घेराव किया और अपने समुदाय के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई का विरोध किया।





### लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि घेराव के दौरान दो समूहों ने एक-दूसरे पर पथराव किया। इसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए और पुलिस की एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। लोगों के एक समूह ने दो वाहनों में आग लगा दी और दो अन्य वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े। इन घटनाओं के सिलसिले में तीन अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# LOC पर घुसपैठ कर रहे 2 आतंकवादी मारे गए

## नौशेरा सेक्टर में देर रात एनकाउंटर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को सेना ने मार गिराया। टेररिस्ट रविवार (8 सितंबर) की देर रात सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। व्हाइट नाइट कॉर्प्स के मुताबिक सेना की तलाशी अभियान में एक और M4 राइफल बरामद हुआ है। सर्च ऑपरेशन में अब तक 2 एके-47, 1 एम-4 राइफल, 1 पिस्तौल, 8 ग्रेनेड, गोला-बारूद, समेत की सामान बरामद किया जा चुका है।



सेना के एक अधिकारी ने बताया कि सर्चिंग कर रहे जवानों को LoC पर हलचल दिखाई दी। आतंकवादियों का एक ग्रुप LoC पार करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान जवानों से उनका एनकाउंटर हुआ। इस एनकाउंटर के तुरंत बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया, जो अभी जारी है।

जांच | उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दी मंजूरी

# अब नालों की सफाई में भ्रष्टाचार की जांच करेगी एसीबी

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी के पालम इलाके में नालों की सफाई में कथित भ्रष्टाचार की एसीबी से जांच कराने के आदेश दिए हैं। अब एसीबी लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और लगभग 80 करोड़ रुपए के कथित दुरुपयोग के आरोपों की जांच करेगी। आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों और अधिकारियों की मिलीभगत से टेंडर दरों में बढ़ोतरी, नालों की सफाई में फर्जी बिलिंग का भुगतान किया गया।



### खरखरी ने निम्नलिखित अनियमितताओं का आरोप लगाया है...

1. 2022 के मानसून के दौरान नालों की सफाई में भ्रष्टाचार
2. जाफरपुर में विभिन्न स्थानों पर सीवरेज पंपों की स्थापना में गड़बड़ी
3. कार्य की माप में अनियमितता, एक ही काम के लिए डबल पेमेंट
4. काम था नहीं लेकिन उसकी जरूरत दिखाई गई
5. सब-डिवीजन टेंडरों का दुरुपयोग
6. टेंडर नियमों का उल्लंघन और मैला ढोने की प्रथा को बढ़ावा देना
7. टेंडर दरों में भारी बढ़ोतरी और धन का दुरुपयोग
8. लगातार चार वर्षों तक धोखाधड़ी से बिल बनाना
9. आरटीआई आवेदनों में बाधा डालना और कवर-अप की कोशिशें
10. एनआईटी प्रक्रिया में हेराफेरी और अधिक बिल बनाना
11. धोखाधड़ी से भुगतान और एक ही ठेकेदार को दिया ठेका

### एक ही ठेकेदार को भुगतान

नगर पार्षद और अधिवक्ता अमित खरखरी की ओर से एलजी वीके सक्सेना को दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों और अधिकारियों की मिलीभगत से चार साल यानी 2021-22 से 2024-25 के दौरान पीडब्ल्यूडी के महज 2 डिवीजनों में एक ही ठेकेदार को करीब 80 करोड़ रुपए का फर्जी भुगतान किया गया।

### 80 करोड़ रुपए के दुरुपयोग का आरोप

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और लगभग 80 करोड़ रुपए के कथित दुरुपयोग के गंभीर आरोपों का मुद्दा कुछ समय से चर्चा में है। कथित भ्रष्टाचार का यह मामला पालम क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी के साउथवेस्ट रोड-I और साउथवेस्ट रोड-II डिवीजनों में गए गाद हटाने के काम से जुड़ा है। एलजी के प्रधान सचिव ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर एसीबी जांच के बारे में उपराज्यपाल के आदेशों से अवगत कराया है।

### फर्जी बिलिंग के जरिए भुगतान

दिल्ली के नजफगढ़ के वार्ड 127 के नगर पार्षद अमित खरखरी की ओर से एलजी वीके सक्सेना को दी गई शिकायत में दिल्ली सरकार द्वारा कथित फर्जी भुगतान (टेंडर दरों में बढ़ोतरी, नालों की सफाई में कथित फर्जी बिलिंग) का आरोप लगाया गया था। अमित खरखरी का यह भी आरोप था कि सुपर-सकर मशीनों की कमी के कारण ठेकेदार ने मैनुअल स्कैवेंजरों को काम पर रखा है।

# एलन मस्क बन सकते हैं दुनिया के पहले खरबपति

एजेंसी । नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और रॉकेट कंपनी स्पेसएक्स के मुखिया एलन मस्क वर्ष 2027 तक दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। इसका मतलब है कि उनकी संपत्ति 1,000 अरब डॉलर से अधिक हो जाएगी। इन्फॉर्मा कनेक्ट अकादमी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी इसके अगले साल यानी 2028 में यह दर्जा हासिल कर सकते हैं, जबकि एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी वर्ष 2033 में इस मुकाम तक पहुंच सकते हैं। रिपोर्ट कहती है कि 237 अरब अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क को दुनिया का पहला खरबपति बनने के लिए तीन वर्षों में 110 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की जरूरत है।



### दुनिया के धनी लोगों की सूची में 13वें स्थान पर अडानी

रिपोर्ट के मुताबिक, अडानी के विविध कारोबारों वाले समूह की वृद्धि 123 प्रतिशत की मौजूदा औसत वार्षिक दर से जारी रही तो वह वर्ष 2028 तक दुनिया के दूसरे खरबपति बन सकते हैं। अडानी इस समय 100 अरब डॉलर से कुछ कम की संपत्ति के साथ दुनिया के धनी लोगों की सूची में 13वें स्थान पर हैं। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख अंबानी इस समय 111 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

न्यूज ब्रीफ

## वाम संगठनों का कोलकाता पुलिस मुख्यालय तक मार्च

**नई दिल्ली।** कोलकाता की डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए वाम मोर्चा के कई संगठनों ने सोमवार को लालबाजार स्थित शहर के पुलिस मुख्यालय तक मार्च किया। वाम संगठनों ने राज्य सरकार तथा सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर वास्तविक अपराधियों को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। रैली के दौरान डीवाईएफआई, एसएफआई और अन्य वामपंथी समूहों के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाए। जुलूस में शामिल लोगों ने बैरिकेड हटाने का प्रयास किया और लालबाजार की लोहे की दीवार पर चढ़ने की कोशिश की। उनके हाथों में तख्तियां थी, जिन पर नारा लिखा था, जब तक अत्याचारियों को कड़ी से कड़ी सजा नहीं मिल जाती, हम चैन से नहीं बैठेंगे।

## कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद की सजा निलंबित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ मोहम्मद खान की सजा निलंबित कर दी है। उन्हें डीडीए की जमीन पर अतिक्रमण के मामले में छह महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। खान को दो लाख रुपए जमा करने का निर्देश भी दिया गया था। अदालत ने खान की सजा के खिलाफ अपील पर डीडीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आसिफ मोहम्मद खान को 30 अगस्त को सजा सुनाई गई थी। इससे पहले दिल्ली की साकेत अदालत ने पूर्व विधायक की अपील खारिज करते हुए उन्हें छह महीने कैद की सजा सुनाई थी। उन्हें डीडीए को पांच लाख रुपए मुआवजा देने का भी निर्देश दिया गया था। खान ने जसोला गांव के इलाके में डीडीए की जमीन पर अतिक्रमण से जुड़े एक मामले में 2018 के फैसले और सजा को चुनौती दी थी।

## इजरायल को हथियार और सैन्य आपूर्ति पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस जनहित याचिका को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान इजरायल को हथियारों और अन्य सैन्य उपकरणों के निर्यात पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को आदेश देने की मांग की गई थी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह भारत सरकार की विदेश नीति में दखल नहीं दे सकता।

## अभिषेक और उनकी पत्नी को ईडी की दिल्ली दफ्तर में होंगे पेश

**नई दिल्ली।** कोयला चोरी और अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के मामले में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे व टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी रुजिरा बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। शीर्ष अदालत ने धन शोधन के इस मामले में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी व उनकी पत्नी को राहत देने से इनकार करते हुए उनकी अपील को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद उन्हें अब प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली स्थित दफ्तर में पूछताछ के लिए पेश होना होगा। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने टीएमसी नेता बनर्जी और उनकी पत्नी की अपील को खारिज कर दिया।